शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 21, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 16 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदी और कतर के अमीर के बीच द्विपक्षीय वार्ता

### पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की



**नई दिल्ली**
**विदेश सचिव** विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतर यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और कतर के संबंधों को काफी ऊंचे स्तर पर ले जाने का आधार तैयार किया है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं। पीएम मोदी ने जून 2016 में दोहा की अपनी पहली यात्रा की थी। इस यात्रा ने दोनों पक्षों को उच्चतम स्तर पर जुड़ने और द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान करने का अवसर प्रदान किया।

### 'संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा'

**अबूधाबी:** संयुक्त अरब अमीरात में बड़ी प्रसार संख्या वाले अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र 'खलीज टाइम्स' ने आज (15 फरवरी, 2024/गुरुवार) के अपने अंक में अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन अवसर के समाचार को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रथम पेज की पहली सचित्र खबर का शीर्षक - 'यूएई स्क्रिप्ट्स ए न्यू चैप्टर इन हिस्ट्री' (संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा) दिया है। 'खलीज टाइम्स' ने इस समाचार को अंदर के पन्ने पर भी तरजीह दी है। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य महंत स्वामी महाराज और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फीता काटकर बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया।

### मुस्लिम देशों से भारत की दोस्ती



**बुधवार** को अबू-धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने से पहले अमीरात और भारत के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। पीएम मोदी ने अबू-धाबी में हिंदू मंदिर का उद्घाटन कर दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूती दे दी है। अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद पीएम मोदी के कतर जाने से भारत और कतर के बीच भी रिश्ते प्रगाढ़ हुए हैं।

**पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों की रिहाई**

हाल ही में कतर ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को रिहा किया था, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। लेकिन अभी तक कतर और भारत ने इन अधिकारियों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कतर यात्रा वहां से भारतीयों को रिहा करने के कुछ दिनों बाद हुई है। नौसेना कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर न्यायालय द्वारा मौत की सजा दी गई थी। खाड़ी देश में अपील अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और उन्हें अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। पीएम मोदी ने दिसंबर 2023 में दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के मौके पर कतर के पीएम से मुलाकात की थी।

**पीएम मोदी की कतर यात्रा**

बता दें कि भारत और कतर के बीच व्यापार और ऊर्जा संबंध बढ़ रहे हैं। कतर भारत के लिए एलएनजी का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कतर के सहयोग लगातार बढ़ते रहे हैं।

### मजबूत हो रहे कतर के संबंध: पीएम मोदी



**नई दिल्ली**
प्रधानत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कतर के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं।

कतर शेख के साथ एक अद्भुत मुलाकात हुई। हमने भारत-कतर संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। पीएम मोदी बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार रात कतर की राजधानी पहुंचे थे। कतर पहुंचते ही पीएम मोदी ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। अब्दुलरहमान कतर के विदेश मंत्री भी हैं।

**भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय सहयोग**

पीएम मोदी और शेख मोहम्मद ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, वित्त और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। कतर पीएम ने कहा कि हमने पीएम मोदी के साथ पश्चिम एशिया में हालिया क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की और शांति तथा स्थिरता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। बैठक के बाद कतर के प्रधानमंत्री और पीएम मोदी ने साथ में डिनर भी किया।

## रेवाड़ी में आज प्रधानमंत्री एम्स और मेट्रो की रखेंगे आधारशिला

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को रेवाड़ी (हरियाणा) का दौरा करेंगे। इस दौरान वे स्वास्थ्य, रेल, शहरी परिवहन और पर्यटन क्षेत्र से संबंधित 9750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री करीब 5450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाली गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखेंगे। एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखेंगे और ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में नवनिर्मित अनुभव केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

ग्रुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना द्वारका एक्सप्रेसवे को विस्तार देगी। 8.5 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली यह परियोजना मिलेनियम सिटी सेंटर को उद्योग विहार चरण -5 से जोड़ेगी और साइबर सिटी के पास मौलसारी एवेन्यू स्टेशन पर रैपिड मेट्रो रेल गुरुग्राम के मौजूदा मेट्रो नेटवर्क से जोड़ देगी। एम्स रेवाड़ी लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। गांव माजरा मुस्तिल भालखी में 203 एकड़ भूमि पर इसे विकसित किया जाएगा। इसमें 720 बिस्तरों वाला अस्पताल परिसर, 100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 30 बिस्तरों वाला आयुष ब्लॉक, संकाय और कर्मचारियों के लिए आवासीय आवास, यूजी और पीजी छात्रों के लिए छात्रावास आवास, नाइट शेल्टर, सभागार और गेस्ट हाउस सहित सुविधाएं होंगी। अनुभव केन्द्र ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र विशिष्ट अनुभव प्रदान करने वाला संग्रहालय है, जिसे लगभग 240 करोड़ की लागत से बनाया गया है। संग्रहालय 17 एकड़ में फैला है, जिसमें 1 लाख वर्ग फुट से अधिक इनडोर जगह शामिल है। यह महाभारत की महाकाव्य कथा और गीता की शिक्षाओं को जीवंत करेगा। प्रधानमंत्री रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और कुछ को राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी उनमें रेवाडी-काठुवास रेल लाइन (27.73 किलोमीटर); काठूवास-नारनौल रेल लाइन (24.12 किमी) का दोहरीकरण; भिवानी-डोभ भाली रेल लाइन (42.30 किमी) का दोहरीकरण और मानहेरू-बवानी खेड़ा रेल लाइन (31.50 किमी) का दोहरीकरण शामिल है। प्रधान मंत्री रोहतक-महम-हांसी रेल लाइन (68 किलोमीटर) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे रोहतक और हिसार के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर रोक लगाई



**नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव से कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 6 साल पुरानी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया।। कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जानकारी पब्लिश करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। यह फैसला 5 जजों ने सर्वसम्मति से सुनाया। चीफ जस्टिस ने कहा, 'पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।' 2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह पता चलेगा कि किस कंपनी, किन लोगों से कितना पैसा मिला है। 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।

## रायबरेली की जनता को सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर जताया आभार



**नई दिल्ली**
राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली की जनता के प्रति आभार जताया है। सोनिया ने कहा कि वह बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों के चलते अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोनिया ने पत्र में लिखा कि रायबरेली के मेरे स्नेही परिवारीजन, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिलकर पूरा होता है। यह नेह-नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। उन्होंने लिखा कि इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

## धान पर जोर ने बढ़ाया पंजाब का जल संकट



**नई दिल्ली**
न्यूनतम समर्थन मूल्य की संवैधानिक गारंटी के लिए फिर से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों में सबसे आगे पंजाब में किसान धान में एमएसपी का लाभ उठाने में जितने आगे हैं, उतना ही कृषि के विविधीकरण में पीछे और पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने में ढुलमुल। पंजाब में कृषि और खासकर धान की विविधता का दायरा सीमित है। इस फसल का रकबा तेजी से बढ़ता जा रहा है- 1980 में 28.12 लाख हेक्टेयर से 2023 में 31.93 लाख हेक्टेयर तक, लेकिन इस दौरान बाकी सभी फसलें (गन्ना, कपास, गेहूं और मक्का) उतनी ही तेजी से पीछे छूटती गईं। इसकी वजह जबरदस्त उर्वरक सब्सिडी, सस्ती बिजली (1970-1990 तक फ्लैट रेट और फिर पूरी तरह मुफ्त), 1967 से एमएसपी आधारित गारंटीड खरीद और सिंचाई में बेहिसाब पानी के इस्तेमाल की सुविधा है। आज हालत यह है कि 1980 में मक्के की खेती का जो रकबा 3.82 लाख हेक्टेयर था, वह 2023 में घटकर एक लाख हेक्टेयर पर आ गया है।

**पंजाब के पास केवल बीस साल का पानी बचा**

यही कपास के मामले में भी हुआ है- 43 साल में इसका क्षेत्रफल 6.49 लाख हेक्टेयर से 1.80 लाख हेक्टेयर पर आ गया। इसके गंभीर पर्यावरण दुष्परिणाम अनुभव किए जाने लगे हैं। सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि भूजल का स्तर हर साल एक मीटर नीचे जा रहा है। सरकार के एक अधिकारी के अनुसार पंजाब के 78 प्रतिशत ब्लॉक अतिदोहन वाले हैं और अगर एक सरकारी अध्ययन की रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए तो पंजाब के पास केवल बीस साल का पानी बचा है।

## डीआरडीओ तापस यूएवी की डिजाइन में सुधार करने को तैयार




**नई दिल्ली**
रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी तापस यूएवी कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने की खबरों के बीच ऐलान किया है कि ड्रोन की डिजाइन में सुधार करके उसकी शक्ति बढ़ाने पर काम किया जायेगा। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित तापस ड्रोन के प्रति रुचि दिखाई है। डीआरडीओ की सेनाओं के साथ बातचीत के दौरान तापस ड्रोन की क्षमताओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।

दरअसल, पहले यह बताया गया था कि तापस ड्रोन 24 घंटे से अधिक समय तक 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भरने और सेनाओं की जरूरत पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। रक्षा बलों के परीक्षण के दौरान तापस ड्रोन 28 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में कामयाब रहे और 18 घंटे से अधिक समय तक उड़ सकते थे। डीआरडीओ के अधिकारियों ने कहा कि संबंधित प्रयोगशाला ड्रोन की डिजाइन में सुधार और शक्ति बढ़ाने पर काम करेगी ताकि इसे ऊंचाई और सहनशक्ति की सेवा आवश्यकताओं के लिए अधिक उपयुक्त बनाया जा सके, जिसे वह हाल के मूल्यांकन में पूरा करने में सक्षम नहीं था।

## संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की राष्ट्रीय महिला आयोग ने की निंदा

**नई दिल्ली**
राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में आयोग की तरफ से तथ्यान्वेषण कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की तीखी निंदा की है। 12 फरवरी को एनसीडब्ल्यू की एक टीम ने क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ गंभीर हिंसा और धमकी की खबरों को देखते हुए स्थिति का आकलन करने के लिए संदेशखाली का दौरा किया। टीम के निष्कर्षों में पाया गया कि पश्चिम बंगाल सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ओर से लापरवाही और मिलीभगत के कारण वहां हिंसा हो रही है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

## युवाओं को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि ज्ञानवान भी बनाना है: सीएम योगी



**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षण संस्थान युवाओं को शिक्षित तो बना दे रहे हैं, डिग्री व सर्टिफिकेट दे रहे हैं पर जब छात्र उच्च शिक्षण संस्थान से बाहर आता है तो उसके पास ज्ञान नहीं होता कि अब क्या करना है। यह कार्यक्रम उस भटकाव से दूर करने का माध्यम है। उसके चरित्र व सर्वांगीण विकास के लिए मंथन करें। केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि उसे ज्ञानवान भी बनाना है। वह व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण हो। जब वह शिक्षण संस्थान से निकले तो भारत के ऐसे नागरिक के रूप में खुद को जाने जो आत्मविश्वास से भरपूर हो। जीवन के जिस भी क्षेत्र में जो जिम्मेदारी दी जाए, वह आत्मविश्वास के साथ उसे चुनौती के रूप में स्वीकार कर लक्ष्य तक पहुंचाने में अपना योगदान दे सके। यह कार्य उच्च शिक्षण संस्थान से जुड़े आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, केंद्र-राज्य विश्वविद्यालय आदि कर सकते हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहीं।

वे विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए शिक्षण संस्थानों के पास फिर से अवसर है। सीएम ने विभिन्न राज्यों से आए आगंतुकों से अनुरोध किया कि लखनऊ, नैमिषारण्य व अयोध्या का भ्रमण करें और इन जगहों पर क्या नया हो सकता, यह सुझाव भी हमें उपलब्ध कराइए।

**यदि हमने दायित्वों को समझ लिया तो कोई ताकत 2047 तक भारत को विकसित बनने से नहीं रोक सकती**

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी जी ने देशवासियों का आह्वान किया कि जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तो हमें कैसा भारत चाहिए। उस भारत के लिए हमारे स्तर पर क्या योगदान हो रहा है। विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए हर भारतवासी के स्तर पर क्या भूमिका होनी चाहिए। यह केवल देश के नेतृत्व का ही नहीं, बल्कि राज्यों, जनपदों, गांवों, व्यक्ति व शिक्षण संस्थानों का भी कार्य है।

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जो व्यक्ति जहां भी सेवा प्रदान कर रहा है। यदि अपने दायित्वों को सही ढंग से समझ सके तो पीएम के विजन के अनुरूप 2047 में दुनिया की कोई ताकत भारत को विकसित देश के रूप में स्थापित करने में रोक नहीं सकती।

**88 हजार ऋषियों ने नैमिषारण्य में मंथन से जो अमृत निकाला, वही भारत का अमर ज्ञान है**

सीएम ने कहा कि लखनऊ में यह आयोजन भारत की उस प्राचीन परंपरा का स्मरण कराता है, जिसे सदियों पूर्व यहां से 70 किमी. दूर नैमिषारण्य में 88 हजार ऋषियों ने मंथन के माध्यम से भारत की वैदिक परंपरा को लिपिबद्ध करने का कार्य किया था। वहीं से स्वर फूटे थे कि आ नो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वतः... यानी ज्ञान प्राप्त करने के लिए सभी दिशाओं को खुला रखना चाहिए।

# बाईपास निर्माण में उचित मुआवजे की मांग को लेकर गांव में एक माह से किसान कर रहे धरना प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** जसरा बाईपास के निर्माण में उचित मुआवजे की मांग को ले करके पचखरा गांव में एक महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज समिति तथा क्षेत्रीय किसान और सामाजिक कार्यकताओं ने एक न्यायिक तिरंगा यात्रा निकाल करके किसानों की लड़ाई में अपने समर्थन की बात कही। जसरा बाईपास निर्माण में सरकार द्वारा दिए जा रहे मुआवजे के खिलाफ आज लगभग एक माह से ज्यादा किसानों के द्वारा लगातार धरना और प्रदर्शन किया जा रहा है । और धरना दे रहे किसानों के समर्थन में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता किसान तथा स्वतंत्रता




संग्राम सेनानी वंशज समिति द्वारा एक न्यायिक तिरंगा यात्रा निकाला गया। न्यायिक तिरंगा यात्रा में सैकड़ों किसानों ने रैली में हिस्सा लिया। न्यायिक यात्रा के दौरान किसानों द्वारा सरकार विरोधी नारे लगाए गए। न्यायिक यात्रा का समापन जसरा विकासखंड परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तंभ पर एवं बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण करके समापन किया गया । इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व किसान नेता के के मिश्र,अरविंद दुबे, हरिश्चंद्र सिंह एवम् अरुण कुमार शुक्ल ने किसानों को संबोधित किया। किसान नेता के के मिश्र ने कहा कि जिले के भू अध्याप्ति अधिकारी द्वारा सरकार व संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इस मौके पर भोला नाथ त्रिपाठी, बनारसी लाल त्रिपाठी, अतुल गुप्ता, दीपू पाठक,शंकरलाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# अपनी मांगों को लेकर आशा व आशा संगिनी ने दिया ज्ञापन - हड़ताल आज



**करछना।** ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन एक्ट के आह्वान पर 16 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना की आशा व आशा संगिनी राष्ट्रीय हड़ताल पर रहेंगे जिसकी जानकारी से संबंधित ज्ञापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का करछना के अधीक्षक डॉक्टर के बी सिंह कुशवाहा को आशा संघ की अध्यक्ष मीना सिंह ने ज्ञापन देकर अपनी मांगों को लेकर 16 फरवरी को हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी उनकी मांग है 45 में भारतीय श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट लागू कर कर्मचारियों का दर्जा लागू किया जाए अस्थाई करण न्यूनतम वेतन गारंटी स्वास्थ्य बीमा जीवन बीमा मातृत्व अवकाश सुनिश्चित करने हेतु 46 में भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश लागू कर पेंसन की गारंटी को लेकर चली आ रही मांग से संबंधित उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबंध ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन एक्ट राज्य कार्यालय उत्तर प्रदेश के ह्यूमन पर 16 फरवरी को सभी आशा एवं आशा संगिनी हड़ताल की चेतावनी दी है ज्ञापन देने वालों में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा व आशा संगिनी शामिल रहीं।

## न्यूज झरोखा

## श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए गंगा कल्पवासी



**प्रयागराज।** गंगोली शिवाला मार्ग, पुल नंबर 4 निकट अन्नपूर्णा चौराहा पर स्थित गंगा कल्पवास आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद पांडेय के पुत्र तीर्थ पुरोहित चंद्र नारायण पांडेय गुड्डू शास्त्री महाराज एवं उदय नारायण पांडेय महाराज के कल्पवास आश्रम में घुघुटी गांव निवासी कथा यजमान शिवमणि शुक्ला, जगधात्री शुक्ला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन बुधवार को कथा व्यास श्रीकृष्णाचार्य जी महाराज अयोध्या धाम द्वारा बुधवार को श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का कथा में वर्णन किया । उन्होंने कहा कि कृष्ण ने।बृजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी ओट में सुखपूर्वक रहे।श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग का संगीतमय वर्णन किया। महाराज ने उधव चरित्र, महारास लीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट किया।भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया।रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा के पश्चात व्यवस्थापक शिवरक्षा शुक्ला, इंद्रमणि शुक्ला, राजमणि, चंद्रमणि, बटेश्वर शुक्ला, शरद, राहुल, दीपक, रोहित, चिराग, गौरव, देवांग, विनायक द्वारा आये हुए कल्पवासियों एवं कथा श्रोताओं का स्वागत करते हुए आरती प्रसाद वितरण करवाया गया जिसमें सैकड़ों कल्पवासी मौजूद रहे।

## आर एस एस कान्वेंट स्कूल अकोढा का रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

**विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**



**करछना।** रघुनंदन गेस्ट हाउस अकोढा में बुधवार को आर एस एस कॉन्वेंट स्कूल अकोढा करछना में सरस्वती पूजन समारोह एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया छोटे-छोटे बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों राष्ट्रगीत नाटक कला आदि कार्यक्रमों में घंटों उपस्थित लोगों को बांधे रखा छोटे-छोटे बच्चों के कार्यक्रम को देखकर वार्षिकोत्सव में मौजूद अभिभावकों ने खूब तालियां बटोरी जिसमें छोटे बच्चे छात्र एवं छात्राएं नाटक सांस्कृतिक राष्ट्र गीत, देशभक्ति आदि गीतों से वार्षिकोत्सव समारोह में खूब अपनी छठा बिखेरी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम कैलाश पूर्व प्रधान, ज्ञान सिंह ,श्रीमती उषा सिंह ,दिनेश कुमार श्रीवास्तव ,ज्ञान सिंह पटेल, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया इस मौके पर विद्यालय की ओर से आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती पूजन समारोह आयोजित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह प्रबंधक सावित्री देवी महाविद्यालय विशिष्ट अतिथि-डॉक्टर मनोज कुशवाहा प्रधान अकोड़ा प्रधान प्रतिनिधि दिनेश श्रीवास्तव,नरेन्द्र प्रताप सिंह शैलेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट संतोष यादव वरिष्ठ पत्रकार रमेश सिंह प्रबंधक जय नारायण चमेला देवी महाविद्यालय सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज मोहम्मद हसनैन पूर्व प्रधान अकोड़ा प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंहउपप्रबंधक रविन्द्र प्रताप सिंहकोषाध्यक्ष श्रीमती उषा सिंह प्रधानाचार्य, लेखाकार, सभी अध्यापकगण एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जमुनापार के अध्यक्ष बने विमल किशोर



**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम एवं मुलायम सिंह बोथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश रजा की संस्कृति पर विमल किशोर निषाद को प्रयागराज के जमुनापार मुलायम सिंह बूथ ब्रिगेड का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है अपनी नियुक्ति पर विमल किशोर निषाद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश का समाजवादी पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचना है और भविष्य में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना ही हमारा लक्ष्य होगा , शीर्ष नेतृत्व मनोनयन पर जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ,एमएलसी मानसिंह यादव ,ननकेस यादव,राजकरन यादव,इंजीनियर जगदीश यादव महासचिव जमुनापार सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकताओं ने विमल किशोर निषाद को बधाई दी है,

## सोशल ऑडिट टीम ने किया ग्राम पंचायत अल्हवा का ऑडिट, ग्रामीणों,लाभार्थियों,श्रमिकों ने विकास कार्य की सराहना किए




**कोरांव।** बुधवार को ग्राम पंचायत अल्हवा ब्लॉक कोरांव की सोशल ऑडिट निदेशालय लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे ऑडिट अभियान के तहत विकास कार्यों की मनरेगा श्रमिक राम राज कोल की अध्यक्षता में सोशल ऑडिट किया। मनरेगा योजना से संबंधित रोजगार सेवक अल्हवा सूर्यदिन सिंह ने ऑडिट टीम को ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की मौजूदगी में मांगे गए ब्यौरे को प्रस्तुत किया। उपस्थित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अल्हवा की विकास नीति तथा गुणवत्ता परक कार्यों की सराहना की। पीएम और सीएम आवास इंटरलॉकिंग कार्यों की भी सराहना की। सोशल ऑडिट टीम का नेतृत्व नीरज अकेला ब्लॉक कोर्डिनेटर ,और टीम साथी श्रीमती लगनी देवी,शिवाधीन अवनीस,हरी कृष्ण आदि लोग उपस्थित रहे। सोशल ऑडिट टीम ने मॉडल ग्राम पंचायत का विधिवत समीक्षा की और विकास कार्यों की सराहना भी किया।

## भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने किया गांव का भ्रमण



**सहसों।** भाजपा किसान मोर्चा ने ग्राम परिक्रमा अभियान चलाते हुए मंडल सहसों के ग्राम सभा बिगहिया में जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा गंगापार लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने गौ माता को गुड खिलाकर आशीर्वाद लिया और गांव की बस्ती में घूम कर लोगों की जन समस्याएं सुन सीडीओ प्रयागराज से गांव की समस्या जैसे आवास, वृद्धा पेंशन योजना एवं शौंचलया आदि की समस्या दूर करवाने की बात कही। उन्होंने कहा पात्र लाभार्थी सीधे ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर किसान मोर्चा भाजपा फूलपुर के जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, महामंत्री किसान मोर्चा फूलपुर अतीन्द्र मिश्र, सूरज शुक्ला, राम बाबू बिंद, विजय कांत मिश्र, प्यारे लाल विश्वकर्मा, गिरजा शंकर मिश्र, सुनील मिश्र, अतुल मिश्र सहित आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरकार जनाकांक्षाओं की कसौटियों पर सौ प्रतिशत रही है सफल - योगेश शुक्ल

**मांडा के ग्राम पंचायत बेदौली में चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता ने लगाई ग्रामीणों कि चौपाल**



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम चलो गांव की ओर के तहत मांडा के बेदौली ग्राम पंचायत में पार्टी कार्यकर्ता बालमुकुंद के घर रात्रि प्रवास कर पार्टी के नीति और सिद्धांत तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आवाहन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता मोदी और योगी सरकार के कामों का ब्योरा और उनकी गारंटीयों को लेकर जन जन तक पहुंच रहे हैं बुधवार को सुबह पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल में ग्रामवासियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा जन आकंक्षाओं के कसौटियों पर मोदी योगी की सरकार सौ प्रतिशत सफल रही है। आने वाले वक्त में भी भारतीय जनता पार्टी और हमारी सरकारें विकसित भारत और समाज के सभी वर्गों के सपनो को साकार करेगी। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री एवं चलो गांव की ओर कार्यक्रम संयोजक विक्रमादित्य मौर्य, मंडल अध्यक्ष अशोक दुबे, महामंत्री राम बली मौर्य, अवधेश केशरी ,राकेश शुक्ल, सुशील शुक्ल, रामू पटेल, जय प्रकाश बिंद, अरविंद यादव,चिंता मणि तिवारी, लल्ला मिश्र, आयुष, सुशील चतुर्वेदी, रमेश शुक्ल, मनोज दुबे, घनश्याम पटेल, राज पति पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मध्यान्ह भोजन के समय बाहरी अराजकतत्वों ने विद्यालय में घुस कर मार पीट कर छात्र को किया लहुलुहान

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद मुजक्किर पुत्र जावेद अख्तर स्टैंडर्ड इंटर मीडिएट कालेज के कक्षा ग्यारह का छात्र है। बताया गया है कि मंगलवार को मध्यान्ह के समय कतिपय बाहरी तत्वों ने विद्यालय में घुस कर लाठी डंडा सरिया से मुजक्किर को मार पीट कर य कर दिए। जिसपर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने ग्राम चौहान का पूरा निवासी राजेश कुमार, बालगोविंद,रवि कुमार और अन्य अज्ञातों के खिलाफ तहरीर थाने में दी। जिसपर पुलिस ने मुख्य आरोपी बालगोविंद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।आरोप है कि पांच दिन पूर्व इसी बालगोविंद के साथ अनेकों बाहरी तत्वों ने धार्मिक उन्माद भडकाने के लिए एक छात्र से नारा लगवाया न लगाने पर मारे पीटे थे। जिसपर लोगों ने सुलह करा दिया था। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने कहा कि वह पता कर रहे हैं। जबकि कस्बा इंचार्ज ने बताया कि डाक्टरी करा कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।



# शंकरगढ़ः व्यापारियों के अगुवा बने अरविंद केसरवानी

**25 सदस्यीय व्यापार मंडल कमेटी घोषित**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक नगर पंचायत शंकरगढ़ में हुई, जिसमें पुरानी कमेटी के व्यापारियों समेत कस्बे के तमाम व्यापारियों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद केसरवानी को अध्यक्ष चुना गया, जिस पर सभी ने सहमति जताई। इसी तरह महामंत्री पद के लिए चार पदों पर नामों की घोषणा की गई।महामंत्री पद पर सुजीत केसरवानी, धीरज सोनी, सुजीत केसरवानी सरताज और पंकज गुप्ता चुने गए। इसीतरह उपाध्यक्ष पद अमरेंद्र सिंह, धीरेंद्र गुप्ता, रोहित केसरवानी, नीरज केसरवानी, अर्पण केसरवानी, प्रकाश चंद केसरवानी, बिन्नू केसरवानी, रेवती केसरवानी,गणेश केसरवानी, आबिद अली और अरुण सोनी को जिम्मेदारी दी गई। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर अतुल केसरवानी, प्रांजल केसरवानी, दीपक केसरवानी, संदीप केसरवानी और मीडिया प्रभारी पद पर नितेश केसरवानी, निखिल केसरवानी, मुकेश केसरवानी, मनोज केसरवानी (लाइनपार), राकेश केसरवानी (लाइनपार) को चुना गया। अंत में अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने सभी साथी व्यापारियों के प्रति आभार जताया और कंधे से कंधा मिलाकर एक दूसरी की मदद का आह्वान किया। कहा, व्यापार मंडल के द्वारा व्यापारी हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा।

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज के सभी शाखाओं में बसंत पंचमी का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया

**सिरसा** प्रयागराज मेजा क्षेत्र गोशौरा कला मेजारोड में दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज की सभी शाखाओं में बसंत पंचमी का त्योहार बड़े ही धूम धाम एवम उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ किया गया, सरस्वती जी की प्रतिमा पर स्कूल के चेयरमैन सुशील कुमार मिश्र जी द्वारा पुष्प अर्पित किया गया, और बच्चो को बेहतर शिक्षा के नवीनतम शैली समंधी आधुनिक सुविधाओं से अवगत कराया। स्कूल की प्रबंधक श्रीमती स्वतंत्र मिश्रा जी ने भी बच्चो को बसंत पंचमी एवम सरस्वती जी के महत्व को विस्तार में बताते हुए बच्चो द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा इसी उपलक्ष्य में इस हफ्ते एडमिशन पर 50 % छूट की घोषणा की , कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सृजन मिश्रा, पवन उपाध्याय, जुवेरिया इबकार , हिमांशु साहू और सत्यम सिंह राजपूत एवम समस्त शिक्षक गणों का योगदान रहा।




## बसंतोत्सव के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

**सहसों।** क्षेत्र के भवनकुईयां गांव स्थित स्वर्गीय रामकृपाल सिंह सदन पर भव्य बसंत उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ज्ञान की देवी माता सरस्वती की वंदना के साथ सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मशहूर लोक गायक कलाकार वीरेन्द्र सिंह विमल एवं अन्य साथियों द्वारा " स्वर्ग से सुंदर लागे गंउवा हमार, आई बसंत बहार प्यार सबके दिल में समाई " सहित आदि मनमोहक लोक गीत, बसंत गीत को सुनकर उपस्थित श्रोता आनंद लेते हुए झूम उठे। कार्यक्रम का प्रारंभ आयोजक अमर बहादुर सिंह प्रांतीय वन सेवा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, भूपेन्द्र मिश्रा, ज्ञान सिंह, राजेंद्र पटेल, चंद्रभान सिंह, संदीप द्विवेदी, लाल सिंह एवं विमल पटेल सहित काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , राहुल सिंह, विक्रम सिंह, पवन कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह सहित आदि लोग सहयोग करते रहे।

## पतैयां, जंघई की बेटी की ससुराल में संदिग्ध दशा में मौत

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत पतैयां गांव के स्वर्गीय रामदास गौतम की बेटी रन्नो देवी उम्र 33 वर्ष का विवाह 2009 में मुंगराबादशाहपुर थानांतर्गत बड़ागांव, नीभापुर निवासी रामचंद्र गौतम के बेटे शोभनाथ गौतम उर्फ दिनेश से हुई थी। रन्नो से बुधवार को ससुराल में पारिवारिक विवाद हुआ था, मामला मुंगरा बादशाहपुर थाने में पहुंचा जहां पंचायत हुई, पुनः रन्नो वापस ससुराल आ गई लेकिन गुरुवार सुबह लोगों ने रन्नो का शव गांव के पास रेल पटरी पर देखा तो पुलिस एवं घर पर सूचना दिया। मृतका को बच्चे हैं जिसमें एक 12 वर्ष बेटा है और एक 10 वर्ष की बेटी है।

## आपूर्ति निरीक्षक का कमाल फर्जी रिपोर्ट लगा कर कोटेदार को बचाया

**ग्राम सभा अल्हवा का मामला,शिकायत कर्ता का फर्जी बयान दिखा कर शिकायत को किया विषेश बंद की संस्तुति**

**कोरांव।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हो रहीं काला बाजारी और अनियमितता का कारनामा आपूर्ति विभाग के ही अधिकारी कर्मचारी के बदौलत जारी है। काफी दिनों से तैनात कोरांव के आपूर्ति निरीक्षक ने तो अपने एक खाश कोटेदार को बचाने हेतु शिकायत कर्ता की शिकायत को नजर अंदाज करते हुएं जांच रिपोर्ट में शिकायत कर्ता की तरफ से शिकायत ही नहीं किए जानें का बयान लगा कर जिला पूर्ति अधिकारी प्रयागराज को शिकायत का निस्तारण कर जांच विसेश बंद की सिफारिश भी कर दिया। इस संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित दर विक्रेता अल्हवा तहसील कोरांव लाल बहादुर की उच्च स्तरीय शिकायत एक दलित कार्ड धारक महिला ने की थी। और कोटेदार निलंबित भी हुआ था। किंतु बिना शिकायत कताओं के बयान आदि के ही अधिकारियों ने अनुबंध जब्त कर दुकान बहाल कर दिया था। जिसकी शिकायत की गई थी। आश्चर्य तो यह है जिस शिकायत कर्ता और उसके पति द्वारा आपूर्ति निरीक्षक कोरांव संजय कुमार ने कोटेदार को बचाने के लिए शिकायती का नॉट प्रेस बयान दिखा कर रिपोर्ट डीएसओ प्रयागराज को शिकायत संख्या आईजीआर एस 40017523060064 को निस्तारित और विशेष बंद की रिपोर्ट प्रेषित की है वह कोटेदार के अनियमित कार्य प्रडाली में निरंतर सहयोग करने और गलत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अपराध कारित किया है। ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी ने एडीएम सिविल सप्लाई प्रयागराज तथा विशेष सचिव खाद्य एवं रसद उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ, जिलाधिकारी प्रयागराज, मंडलायुक्त प्रयाग्राज से तत्काल आपूर्ति निरीक्षक कोराव को हटाते हुए आपराधिक केस दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# चंद्रशेखर तिवारी हाई स्कूल पडोखरा का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से संपन्न

**करछना** के चंद्रशेखर तिवारी हाई स्कूल पडोखरा का वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बुधवार को संपन्न हुआ । जिसमें छात्र व छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर खूब वाह-वाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वहीं छात्र व छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना सहित स्वागत गीत, भक्ति गीत ,राष्ट्रीय गीत, देवी गीत, नाटक, कौव्वाली प्रहसन आदि की प्रस्तुतियां भी हुई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल गुरु जी रहे। और विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र व उच्च न्यायालय के शासकीय अधिवक्ता पंकज शुक्ल रहे। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। और बच्चों में अनुशासन सहित संस्कार युक्त व गुणवत्ता परक शिक्षा पर बल दिया । साथ ही साथ विद्यार्थियों के हुनरों की सराहना भी की। कार्यक्रम में मौजूद अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक अनुराग शुक्ल मोनू ने छात्र व छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से प्रतिभा में निखार आता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत करके सभी के प्रति आभार जताया गया। और प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण देव द्विवेदी व संचालन आशुतोष त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर प्रदीप पांडेय ,राजेश पांडेय ,मिथिलेश कुमार पटेल, निहाल खां, शिशिन सिंह, विवेक मिश्र, राम अनुग्रह तिवारी, राम मणि शुक्ल, आदि लोग मौजूद रहे।




# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बटोरी तालियां

**करछना।** क्षेत्र के धरवारा स्थित डी.एन.एम. पब्लिक कान्वेंट स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक समारोह के समापन पर मंच पर पहुंचे कवियों ने खूब समां बांधी। चर्चित हास्य कवि अशोक 'बेशरम'ने संचालन के दौरान वसंत की न्यारी छटा को कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किया-फूले वनवेली,अटखेलि करै कंजकली, मंजरी में कोयल मधुर गीत गाए गै।सरसों के पोर-पोर,रस के हिलोर उठे, पीत रंग चुनरी मा,धरती समाय गै। उन्होंने बेशरम बसंतनामा पर श्रोताओं को जी भर गुदगुदाया। हास्य कवि राजकुमार अंजाना ने व्यंग कविताओं पर खूब तालियां बटोरी तो वहीं संतोष शुक्ला समर्थ ने कहा-मैं बरगद की पीपल की छांव छू कर चला था।मैं घर से अपनी मां के पांव छू कर चला था। गजलकार कृष्णकांत कामिल ने पढ़ा-किसी की दूर से औकात मत आंको कामिल,पहाड़ दूर से छोटा दिखाई देता है। लोकभाषा की वरिष्ठ कवि रामलोचन सांवरिया ने अपनी संदेश परक कविताओं में श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने कहा - जानेनि अनपढा. जटेनि हमका,नुकसान,नफा सब जानि लिहा। पढ़बै जरूर,हम ठानि लिहा। प्रबंधक पवनेश मिश्रा ने भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा समर्पित करते हुए कवियों का मंच पर सम्मानित किया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा सरस्वती पूजन के उपरांत मंच पर स्कूल के बच्चों ने देश प्रेम गीत,बसंत गीत, लोकगीत,नाटक प्रस्तुत करते हुए खूब तालियां बटोरी। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पटेल ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। देर शाम तक तीन दिवसीय वार्षिक समारोह के समापन के उपरांत प्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला, कमला शंकर त्रिपाठी, पवन मिश्रा, सनी यादव,आदर्श तिवारी, सुशील मिश्रा, ऐके. मिश्रा, बृजेश मिश्रा सीमा, रिंकी, अनामिका, दीपांजलि, खुशी विनीत समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं अभिभावक, बच्चे और एवं श्रोता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### आज प्रयागराज आएंगे मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ

**प्रयागराज।** मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी आज अपरान्ह 03:55 बजे प्रयागराज आयेंगें। मुख्य मंत्री जी अपरान्ह 04:30 बजे से इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन आडिटोरियम, स्टैनली रोड़ में आयोजित राष्ट्रीय विधि विश्व विद्यालय के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री जी सायं 07:00 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 5 दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन आज

**प्रयागराज।** मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 सूर्य प्रताप शाही जी कल दिनांक 16 फरवरी, 2024 को सरदार पटेल सेवा संस्थान, अलोपीबाग में पूर्वान्ह 11:00 बजे कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन करेंगे। मीडिया बंधुओ से सादर अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम का कवरेज करने का कष्ट करें।

# गर्ववती गाय पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल, गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के सोनवै गांव में खेतो की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति ने खेत में घुसी गायों के ऊपर धारदार हथियार से वार करके कई गायों को घायल कर दिया जिसमें एक गाय पेट से थी उसके पैर पर धारधर औजार से वार किया था की उसका पैर में कभी घाव हो जाने की वजह से टाके भी लगाए गए है जिसकी हलात नाजुक बताई जा रही है । गायों के घायल होने की सूचना हुई तो गांव में हड़कंप मच गया ।गौ रछक की टीम भी पहुंच गए सूचना पर एसीपी सहित लालापुर पुलिस मौके पर पहुंची और चिकित्सको को बुलाकर घायल गायों का इलाज कराया गया। साथ ही सोनवै प्रधान की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। लालापुर थाना क्षेत्र गांव निवासी रामू भारतीय अपने खेतो की रखवाली कर रहा था । इसी बीच खेत में आवारा गायों का झुंड घुस गया। गायों के खेत में घुसते ही रामू धार दार हथियार हसुआ से गायों के ऊपर हमला करने लगा इसी बीच तीन गाय बुरी तरह से जख्मी हो गई और खून से लतपथ हो गई । गायों के घायल होने की सूचना गांव में पहुंची तो हड़कंप मच गया।

कई जगह दूर दूर तक जमीन पर गाय के खून के छींटे



सूचना एसओ लालापुर अजय कुमार मिश्र को हुई तो मौके पर पहुंच एसीपी बारा संतलाल सरोज को जानकारी दी । एसीपी ने मौके पर पहुंच चिकित्सको की टीम बुलाकर घायल गोवंसो का इलाज करवाया और प्रधान की तहरीर पर आरोपी राजू भारतीय के विरुद्ध पशु क्रूरता समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है की आज जो 3 गाय घायल है उसमें एक गाय को टाके लगाए गए और पांच छा माह की प्रेग्नेंट भी है जिसकी हालत नजुक देखते हुए बाकीपुर पशु बड़ा में लाया गया जिसका उपचार चल रहा है। बाकी गाय जो घायल है उनका उपचार कर दिया गया है उनकी हालत ठीक है।

**उमेश कुमार पटेरिया**
**पशु चिकित्सा अधिकारी लालपुर**
**प्रयागराज।**

एसीपी बारा कहना है कि आरोपी को लालापुर पुलिस ने पकड़ लिया और पशु क्रूरता के नियम में मुकदमा दर्ज किया गया है और दोषी को सजा मिलेगी।

**संतलाल**
**एसीपी बारा**

# हंडिया थाने के हिस्ट्रीशीटर का शव गोपीगंज में कुएं में मिला

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** हंडिया थाने के हिस्ट्रीशीटर सनी देओल का शव भदोही जिले के गोपीगंज में एक कुएं से मिला। जेब से मिले मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की गई। शनिवार को वह अपने दो दोस्तों के साथ घर से निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। उसके दोस्त तो गांव पहुंच गए लेकिन सनी देओल का कुछ पता नहीं चला। परेशान परिजनों ने थाने में इस संबंध में सूचना भी दी थी। पुलिस खोजबीन में लगी थी।हंडिया थाने के सदरेपुर गांव का रहने वाला सनी देओल (30) पुत्र जोखूलाल थाने का हिस्ट्रीशीटर था। इसके खिलाफ प्रयागराज और भदोही जिले के कई थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। 15 सितंबर 2023 को हंडिया थाने की पुलिस ने इसे बम, तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।जमानत पर छूटने के बाद यह फिर सक्रिय हो गया था। बीते शनिवार को यह अपने दो दोस्तों के साथ निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। बृहस्पतिवार को भदोही जिले के गोपीगंज के अंजही मोहाल में एक पुराने कुएं में इसका शव मिला। जेब से बरामद मोबाइल का सिम दूसरी मोबाइल में लगाकर फोन करने पर इसकी पहचान हुई। हत्या करके शव को कुएं में फेंका गया था या फिर इसने आत्महत्या की है, इसका पता लगाने में पुलिस जुट गई है। यह छह भाई और छह बहन है। भाइयों में यह सबसे छोटा है।

# गृहकर बकायेदारों पर चला-निगम का प्रशासनिक डंडा



**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग उ0प्र0शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 सत्र के समाप्ति के सन्निकट गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा निरन्तर सीलिंग/कुर्की की कार्यवाही के दौरान छोटे बकायेदारों में आर्थिक रूप से विपन्न/विकलांग/निराश्रित एवं रोजमर्रा का कार्य करने वाले ऐसे किसी भी भवन स्वामी के साथ सहानुभूतिपूर्वक उनको बकाया गृहकर जमा करने हेतु अवगत कराया, किन्तु वर्षों से बकाये के रूप में गृहकर को रोकने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए, जोनल कार्यालय अल्लापुर के अन्तर्गत बैरहना में 11 बकायेदारों से रू0-01.86 लाख गृहकर मद में जमा कराया गया साथ ही एक भवन संख्या 106/88 मलाकराज भवन स्वामी श्री बेनी प्रसाद पर रू0-70 हजार व जोनल कार्यालय कटरा के अन्तर्गत 05 बडे बकायेदारो से सिविल लाइन्स स्थित भवन संख्या 69/50/4 नवाब युसुफरोड सिविल लाइन्स भवन स्वामी रंजीत गुप्ता पर बकाया गृहकर रू0-08.00 लाख न जमा करने के कारण सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार जोनल कार्यालय खुल्दाबाद तथा ट्रान्सपोर्ट नगर में 17 बकायेदारों से कुल वसूली के दौरान रू0-02.73 लाख की वसूली की गयी तथा एक भवन पर सीलिंग कार्यवाही के बाद भवन स्वामी द्वारा गृहकर जमा किया गया।इस प्रकार सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-12.19 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी स्वंय, कर अधीक्षक कटरा श्रीमती मोनिका रस्तोगी व राजस्व निरीक्षक कमलेश पाण्डेय, कर अधीक्षक अल्लापुर झम्मन सिंह व सिविल लाइन्स थाने से पुलिस उप निरीक्षक रमेश कुमार व आरक्षी श्री अतुल कुमार तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

### लॉज में फंदे से लटका मिला बुलंदशहर की प्रतियोगी महिला का शव

**प्रयागराज।** शहर के छोटा बघाड़ा स्थित एक लॉज में बुधवार रात बुलंदशहर की विवाहिता का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उतारा, लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। वह यहां रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी। बुलंदशहर के शांतिनगर भूड़ चौराहा निवासी रश्मि सिंह (30) छोटा बघाड़ा में रामधारी यादव के लॉज में अकेले रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह शादीशुदा थी। कर्नलगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि रात करीब नौ बजे उन्हें मकान मालिक ने फोन कर घटना की जानकारी दी। बताया कि रश्मि बुधवार को कई घंटे से अपने कमरे के बाहर नहीं निकली तो बगल के कमरों में रहने वाली छात्राओं ने दरवाजा खटखटाया। जवाब नहीं आने पर खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि विवाहिता के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा, जिससे उसकी मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों में जुटे कांग्रेसी



**झूंसी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पूर्व लोकसभा सभा प्रत्याशी प्रमोद पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के जलालपुर कस्बा क्षेत्र में गुरुवार को जनसंपर्क कर न्याय यात्रा को सफल बनाने की रणनीति तय की। प्रमोद पटेल ने बताया कि 18 फरवरी को हंडिया बासूपुर बाजार से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होकर हनुमानगंज, हबूसा मोड़, नसीरपुर होते हुए सरदार पटेल संस्थान पहुंचेगी। न्याय यात्रा में जन सहभागिता के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में किसानों की मांगों पर विचार करने के बजाय उन पर लाठियां भांजी जा रही। मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में लोगों का हुजूम जुट रहा। आगामी चुनाव में भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ेगा।कांग्रेसियों ने फतूहा, मोहनगंज बाजार व सिठौली टंकी तथा अंत में जलालपुर कस्बा में बैठकें कीं। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद यादव, हरकेश त्रिपाठी, गौरव इश्तियाक अहमद, पांडेय, राकेश पटेल, मनोज पासी, मो इरशाद, अब्दुल सत्तार, ओम प्रकाश बिंद, सुनील यादव, भानु कुशवाहा, सलीम अख्तर आदि मौजूद रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

### व्यास तहखाने में पूजा के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने के जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती अपीलों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मसाजिद कमेटी की तरफ से जिला जज के दो आदेशों की चुनौती अपीलों की सुनवाई कर रहे थे।मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व पुनीत गुप्ता ने तर्क दिया कि पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद में अधिकार तय किए बगैर अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देना कानूनी प्रक्रिया का उल्लघंन है। तहखाने में पूजा की अनुमति देकर वस्तुतः सिविल वाद स्वीकार कर लिया है। साथ ही जिला जज ने स्वयं ही दो विरोधाभाषी आदेश दिए हैं। यह भी कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 152 के अंतर्निहित अधिकार का प्रयोग करते हुए अदालत मूल आदेश की प्रकृति में बदलाव का आदेश नहीं दे सकती। मूल आदेश में केवल एक मांग मानी गई। जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। बिना किसी अर्जी के केवल मौखिक अनुरोध पर पूजा का अधिकार दे दिया गया। अदालत ने अपनी अंतर्निहित शक्ति का इस्तेमाल करने का आदेश में उल्लेख नहीं किया है। कहा जिला अदालत ने 17 जनवरी को अर्जी स्वीकार कर केवल एक रिलीफ ही दी। दूसरी मांग पर आदेश नहीं देना ही अनुतोष से इंकार माना जाएगा।

#### मस्जिद पक्ष ने कहा- जिला जज ने दिया है विरोधाभासी आदेश

मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि 17 जनवरी 24 के मूल आदेश से जिला जज ने विवादित भवन की सुरक्षा व देखरेख करने व किसी प्रकार का बदलाव न होने देने का भी निर्देश दिया है और 31 जनवरी 24 के आदेश से बैरिकेडिंग काट कर तहखाने में पूजा के लिए दरवाजा बनाने तथा ट्रस्ट को पुजारी के जरिए तहखाने में स्थित देवी देवताओं की पूजा करने की अनुमति देकर अपने ही आदेश का विरोधाभासी आदेश दिया है।इसके अलावा डीएम को रिसीवर नहीं नियुक्त किया जा सकता है। क्योंकि, डीएम काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के पदाधिकारी हैं। रेवेन्यू के सर्वेसर्वा हैं। कानून व्यवस्था भी उन्हें देखना है। इसके साथ ही वह इस केस में प्रतिवादी हैं। यह भी कहा कि तहखाने पर किसका अधिकार है। यह साक्ष्यों के बाद सिविल वाद के निर्णय से तय होगा।जिला जज ने अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ देकर गलती की है। इसलिए जिला जज के आदेश रद किए जाय।

#### मंदिर पक्ष ने कहा - अदालत ने कोई नया अधिकार नहीं दिया है

मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, हरिशंकर जैन और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन, विनीत संकल्प ने भी पक्ष रखा। इनका कहना था कि अदालत को धारा 151 व 152 के अंतर्गत न्याय हित में आदेश देने का अंतर्निहित अधिकार है। वादी अधिवक्ता के संज्ञान में लाने के बाद अदालत ने छूटी हुई प्रार्थना स्वीकार की है। वादी के बजाय अदालत ने ट्रस्ट को पुजारी के जरिए पूजा का अधिकार बहाल किया है। वादी व्यास जी के तहखाने में वर्षों से पूजा अर्चना करता आ रहा है। 1993 में श्रीराम जन्मभूमि विवादित ढांचा गिराए जाने के बाद ज्ञानवापी की लोहे की बाड़ से बैरिकेडिंग करने के कारण तहखाने में पूजा करने से बिना किसी आदेश के रोक लगा दी गई। अदालत ने कोई नया अधिकार नहीं दिया है।कहा कि जिला जज ने अर्जी की तीन बार सुनवाई की तिथि तय की किंतु मस्जिद पक्ष की तरफ से कोई आपत्ति नहीं की गई। दोनों पक्षों को सुनकर जिला जज ने 31 जनवरी का दूसरा आदेश जारी किया है जो 17 जनवरी के मूल आदेश का ही हिस्सा है। अदालत के गलती दुरूस्त करने व छूटे आदेश को पारित करने का पूरा अधिकार है। आदेश कानूनी प्रक्रिया के तहत पारित किया गया है। दीन मोहम्मद केस में कोर्ट ने व्यास जी के तहखाने का जिक्र किया है।

## न्यूज झरोखा

### भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर के कार्यों का कुंभ मेला अधिकारी ने किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत बनाए जा रहे भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण आज मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने कराए जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए लेबरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्यों को और तेजी से करने तथा कॉरिडोर में पर्याप्त मात्रा में सकुर्लेटिंग एरिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राइवेट एवं पब्लिक व्हीकल्स हेतु समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाने, प्रांगण में ग्रीनरी विकसित करने, आश्रम की कल्चरल हेरिटेज को दशार्ने हेतु समुचित सिगनेज व्यवस्था करने एवं एक भव्य एंट्रेंस गेट बनाने के भी निर्देश दिए।

### पुलवामा हमले की याद में कैंडल मार्च : शहीदों को सलाम



**प्रयागराज।** देश के वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए, 14 फरवरी को, एक भव्य कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का आयोजन रजनीश ठाकुर (जन सत्ता दल सक्रिय सदस्य) द्वारा किया गया था। साथ ही, अंजनी द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, कुंवर गजेंद्र प्रताप सिंह, स्नेहल सिंह, कुशल सिंह, सुजल ठाकरे, अमन ठाकुर, विवेक द्विवेदी बागी और विकास ठाकुर जैसे कई लोग भाग लिए।यह कैंडल मार्च उन वीर जवानों को समर्पित था, जिन्होंने पुलवामा हमले में अपनी जान की आहुति दी थी। इस मार्च में लोगों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों को साथ दिया। यहां लोग एकजुट होकर उन्हें समर्थन और शांति की कामना करते रहे।इस कैंडल मार्च का मुख्य उद्देश्य था जनता को एक साथ लाना, सामूहिक रूप से उनकी शहादत को समर्पित करना और साथ ही शांति और सौहार्द का संदेश देना। इससे सामाजिक एकता और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी।यह कैंडल मार्च एक ऐसा संदेश भी देता है कि हम अपने वीर शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूल सकते और उनके साथ जुड़े हुए हमेशा उनकी यादों को जिंदा रखेंगे।

### प्रयागराज मंडल की सब जूनियर बालिका टीम का चयन लखनऊ में

**सचिव जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज कौशल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में गठित की गई टीम**



**नैनी।** नैनी लखनऊ में आयोजित 15 फरवरी से 18 फरवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित होने वाली सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल टीम का चयन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उप जिला क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज हुआ। सचिव जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज कौशल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में गठित की गई ट्रायल में प्रयागराज मंडल की टीमों का चयन किया गया जो इस प्रकार है वैष्णवी दीक्षित कप्तान, फिरदौस अंसारी, करिश्मा धुरिया, मानसी, अंशिका मिश्रा, पूर्णिमा सिंह सभी जनपद प्रयागराज से आराध्या त्रिपाठी जनपद प्रतापगढ़ से खुशबू, अंतिम देवी, रश्मि देवी, अंजली देवी सभी जनपद कौशांबी से तथा टीम मैनेजर के रूप में नेहा पांडे का चयन किया गया उक्त टीम सब जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए लखनऊ के लिए रवाना हो चुकी है टीम के चयन पर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के कोच संजय श्रीवास्तव अतुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है : संत प्रवर





**झूंसी।** माघ मेले के सेक्टर 3 स्थित शिविर में श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज के 70वें परम निर्वाण दिवस के अवसर पंचदिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं 2100 कुंडीय वैदिक यज्ञानुष्ठान के द्वितीय दिवस गुरुवार को संत प्रवर स्वर वेद कथा में कहा कि हमारा अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है। कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर हैं। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक

**श्री सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज के 70वें परम निर्वाण दिवस पर चल रहा अनुष्ठान**

से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। महाराज जी ने बताया कि आज मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियाँ बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके पूर्व प्रातः शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। जिसके बाद 2100 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञानुष्ठान का शुभारंभ संत प्रवर विज्ञान देव महाराज द्वारा अ अंकित श्वेत ध्वजारोहण कर दीप प्रज्जवन के साथ हुआ।

# कृष्ण सुदामा चरित्र सुनकर गंगा कल्पवासियों के छलके आंसू

**प्रयागराज।** गंगोली शिवाला मार्ग, पुल नंबर 4 निकट अन्नपूर्णा चौराहा पर स्थित गंगा कल्पवास आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय गंगा प्रसाद पांडेय के पुत्र तीर्थ पुरोहित चंद्र नारायण पांडेय गुड्डू शास्त्री महाराज एवं उदय नारायण पांडेय महाराज के कल्पवास आश्रम में घुघुटी गांव निवासी कथा यजमान शिवमणि शुक्ला, जगधात्री शुक्ला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में समापन दिवस पर गुरुवार को कथा व्यास श्रीकृष्णाचार्य जी महाराज अयोध्या धाम द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की समाज को समानता का संदेश दिया। महाराज ने बताया कि सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई सुनाई गई श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया।अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया। कथा के पश्चात व्यवस्थापक शिवरक्षा शुक्ला, इंद्रमणि शुक्ला, राजमणि, चंद्रमणि, बटेश्वर शुक्ला, शरद, राहुल, दीपक, रोहित, चिराग, गौरव, देवांग, विनायक द्वारा आये हुए कल्पवासियों एवं कथा श्रोताओं का स्वागत करते हुए आरती प्रसाद वितरण करवाया गया।

### असंतुलित रोडवेज की बस आर्मी छावनी के गेट में घुसी

**प्रयागराज।** शिवकुटी के ओल्ड कैंट में गुरुवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सवारियों से भरी एक तेज रफ्तार रोडवेज बस आर्मी छावनी परिसर के गेट में घुस गई। इससे खलबली मच गई। हादसे में, बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक की केबिन में बैठे तीन यात्री घायल हो गए। आशंका जाहिर की जा रही है कि घने कोहरे के चलते हादसा हुआ है।हादसा भोर में 5:30 बजे के करीब हुई। प्रयागराज से फाफामऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस असंतुलित होकर आर्मी कैंटोनमेंट के गेट में घुस गई। इससे अफरातफरी मच गई। बस की केबिन में बैठे तीन यात्री घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को अस्पताल भेजा गया। बस इलाहाबाद से लखनऊ जा रही थी। अन्य यात्रियों को कोई चोट नहीं आई है। बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। घायल यात्रियों को भी उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# मेला क्षेत्र में बने त्रिवेणी अस्पताल में गर्भवती का हुआ सामान्य प्रसव , जन्मी सरस्वती

**प्रयागराज।** माघ मेले में बने त्रिवेणी अस्पताल में गुरुवार को एक और गर्भवती महिला का सामान्य प्रसव कराया गया। गर्भवती अर्चना (20 वर्ष) पत्नी प्रदीप कुमार मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली है। वह शास्त्री पुल के नीचे रह रही है। प्रसव पीड़ा होने पर घर वालों ने उसे मेला क्षेत्र में बने अस्थायी त्रिवेणी अस्पताल में भर्ती कराया।वहां महिला डॉक्टरों की टीम ने उपचार शुरू किया। डॉ. नीलिमा धवन, डॉ. ज्योति मिश्रा ने सामान्य प्रसव कराया। उसने बेटी को जन्म दिया है। माघ मेले में संगम क्षेत्र में जन्म होने के नाते डॉक्टरों व परिवार वालों ने उसका नाम सरस्वती रख दिया। डॉ. सूर्यभान, डॉ सत्यजीत, रवि श्रीवास्तव व कुमारी अंशिका का भी सहयोग रहा। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. वरूण क्वात्रा ने बताया कि इस अस्पताल में यह दूसरा प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

**दो दिन पहले गंगा में जन्में थे 'गंगा प्रसाद' :** दो दिन पहले 13 फरवरी को मेला क्षेत्र में बने गंगा अस्पताल में भी एक किलकारी गूंजी थी। मेला क्षेत्र में चाय की दुकान चलाने वाली रेनू मध्य प्रदेश की



रहने वाली है। प्रसव पीड़ा पर उसे एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गंगा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार के नेतृत्व में डॉ. आयुषी वर्मा ने सामान्य प्रसव कराया। महिला ने बेटे को जन्म दिया। जन्म के बाद डॉक्टरों ने ही तुरंत उसका नामकरण भी कर दिया। सभी ने एक साथ उसका नाम गंगा रख दिया। बता दें गंगा अस्पताल में यह प्रसव कराया गया। इसके पहले कुछ दिन पहले मेला क्षेत्र में स्थित त्रिवेणी अस्पताल में भी एक गर्भवती का प्रसव कराया गया है।

# गांव चलो अभियान में सुबह गांव में सांसद ने किया भ्रमण

## जन समस्याओं को सुनकर दिया जल्द निस्तारण का भरोसा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केन्द्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किये। आज सरकार की योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। सरकार ने जो संकल्प लिया उसे पूरा किया। प्रधानमन्त्री आवास योजना से ऐसे लोगों को आवास मिला जो खुले आसमान के नीचे रहते थे। गरीब का दर्द वही समझ सकता है।

उक्त बातें बुधवार को कौशाम्बी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापित, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कुण्डा विधानसभा के ऊंचा गांव में गांव चलो अभियान में उपस्थित जनसमूह के बीच कही। सांसद



खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देते सांसद विनोद सोनकर

विनोद सोनकर मंगलवार को ऊंचा गांव में रात्रि प्रवास पर थे। सुबह उठकर नित्य क्रिया के बाद ट्रेक सूट पहन कर सैर पर निकल पड़े। इस दौरान गांव के लोग अपने बीच सांसद को देखकर प्रसन्न हुए। लौटकर जन समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। इसके बाद कुण्डा क्षेत्र के तुलसी इण्टर कालेज बाबूगंज खेल मैदान में सांसद खेल स्पर्धा का फीता काटकर उद्घाटन किया। खिलाड़ियों से मुलाकात कर परिचय लिया। ब्लाक सभागार कुण्डा में नारी शक्ति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसके बाद मिलन समारोह में बड़ी संख्या में दूसरे दल से आये लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। इसके बाद सांसद खेल स्पर्धा लक्ष्मीगंज बाबागंज में शामिल हुए।

इस दौरान भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिन्धुजा मिश्रा सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन, पूर्व प्रत्याशी ठाकुर प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, कमलेश सोनकर, आशुतोष जायसवाल डिंपू, उदय शंकर पाण्डेय,उमा शंकर पटेल, आशुतोष मणि द्विवेदी,अनिल पटेल, महेश सिंह फौजी, मोनू शुक्ल, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, सुमन साहू, रूपा गौतम, दिनेश गौतम, सरोज त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संत निरंकारी सम्मेलन में आपसी भाईचारे व शांति का दिया गया संदेश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत चमरूपुर शुक्लान में गुरूवार को आयोजित संत निरंकारी सम्मेलन में आपसी भाईचारा प्रेम व शांति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए संत निरंकारी मण्डल के प्रचारक शिवप्रसाद ने कहा कि संत निरंकारी मिशन का प्रमुख उददेश्य विश्व में अमन चैन कायम रखने व सत्य का संदेश प्रसारित करना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रेम भाईचारे व शांति के साथ मिलकर रहना चाहिए। जिससे संसार में अमन शांति बनी रहे। इससे विश्व में अमन शांति बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन का उददेश्य ही मानव के कल्याण हेतु कार्य करना है। कार्यक्रम का आयोजन अमर पाल शर्मा व श्याम मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन शीतला प्रसाद ने किया। इस मौके पर नंदलाल, कुसुम देवी, निर्मला देवी, शिवप्रसाद, शिवराज, रामसुमेर सिंह, सदाशिव, आदि मौजूद रहे।

# बसंतोत्सव पर दो दर्जन विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास व लोकार्पण

## सुंदरकाण्ड का पाठ के बाद 125 विशिष्टजनों को मिला सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बसंतोत्सव पर नगर पालिका के तुलसी सदन में दिन भर धूम रही। प्रारंभ में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने शहर के दो दर्जन विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करते हुए कहा कि शहर का विकास ही उनका लक्ष्य है।

उन्होंने नागरिकों से शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील भी की। इस दौरान पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह भी मौजूद रहीं। नगर पालिकाध्यक्ष ने हर वार्ड के पांच विशिष्टजनों, समाजसेवियों, सभासदों, पत्रकारों तथा नगर पालिका के कर्मठ अधिकारी व कर्मचारियों सहित 125 लोगों को भगवान राम का मनोहरी चित्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव, शिक्षिका विमलेश सिंह,



समाजसेविका को सम्मानित करते नगरपालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

विभा सिंह, मिथिलेश सिंह, सभासदों में धर्मशील, तुषार, सुनील दुबे, दीपक, अमृतलाल आदि रहे। अवकाश प्राप्त जिला सूचना अधिकारी आरबी सिंह को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, खाद्य व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, अवर अभियंता जल सभापति यादव को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। इसके अलावा पहले तुलसी सदन हाल में सुंदरकाण्ड का पाठ हुआ। इससे बसंतोत्सव का वातावरण भक्तिमय हो गया था। सबसे अंत में खिचड़ी भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद ज्ञानेश मिश्रा ने किया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

## व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सशक्त हो रहीं महिलाएं

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु पॉच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में किया गया। व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत कटाई-सिलाई तथा साफ्ट ट्वाय यानि शोभाकारी खिलौने बनाने पर प्रशिक्षण दिया गया।

कटाई-सिलाई प्रशिक्षण में सिलाई मशीन के रख-रखाव, मशीन चलाने की कला तथा महिलाओं एवं बच्चों के कपड़ों की कटाई एवं सिलाई का सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ स्वाती दीपक दूबे द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। साफ्ट ट्वाय यानि शोभाकारी खिलौने बनाने के प्रशिक्षण में प्रशिक्षक श्रीमती शीलू ने शोभाकारी खिलाने बनाने हेतु प्रयोग किये जाने वाले सामानों एवं बनाने की कला का सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर डा0 रणजीत सिंह, मनीष सिंह, राजकुमार गुप्ता, रविशंकर तथा प्रशिक्षार्थियों में रूपम साहू, शीला देवी, कमला, कंचन रजक, वैशाली मिश्रा आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# हदिराही इलेवन की टीम ने जीता सीपीएस क्रिकेट कप का फाइनल मुकाबला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित मैदान में गुरूवार को सीपीएस क्रिकेट कप टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबले में आमने सामने हदिराही व हण्डौर इलेवन की टीम रही।

हदिराही ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हण्डौर की टीम पन्द्रह ओवरों में कुल एक सौ चैसठ रन बनाकर आलआउट हो गयी। इस टीम के खिलाडी सचिन ने सर्वाधिक छाछठ रन बनाये। जबाब में जीत के लिए एक सौ पैंसठ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हदिराही की टीम ने ग्यारह ओवर में विजय प्राप्त कर लिया। मैन आफ द मैच विजेता टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दीपू यादव को दिया गया। वहीं मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार हण्डौर इलेवन टीम के कप्तान अनूप तिवारी को मिला। विजेता व उप विजेता टीम को आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि लीलापुर एसओ नीरज यादव ने शील्ड प्रदान किया। इस मौके पर शिवशंकर शुक्ल, फकरूल हसन, रत्नाकर त्रिपाठी, रामनयन वर्मा, मो. कैफ, अखिलेश मिश्र, साहिल खान, मो0 बाबू, रामसिंह आदि मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू से निरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अन्तू के पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त जगमोहन यादव उर्फ बच्चा यादव पुत्र छेदीलाल यादव नि0ग्राम चांदपुर सराय भारत थाना सोरांव जनपद प्रयागराज को थानाक्षेत्र अन्तू के बाबूगंज चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा में मेधावी की सफलता पर खुशी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सराय आनादेव के बनकटिया अमरौना निवासी मेधावी को जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा में सफलता मिलने पर लोगों ने खुशी जतायी है। परिजनों के अनुसार मेधावी आयुष पुत्र शीतला प्रसाद सिंह को जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा में 98.83 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। बचपन से ही मेधावी आयुष की सफलता पर परिवार के लोगों, शुभेच्छुओं व क्षेत्र के लोगों के साथ ही नरायनपुर स्थित पब्लिक स्कूल के संस्थापक पीएन सिंह, अजय प्रताप सिंह, दुष्यंत सिंह, लक्ष्मी सिंह, स्वतंत्रदेव सिंह, विकास सिंह, एसके सिंह आदि ने खुशी जतायी है।

## बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ मजबूत संस्कार का होना जरूरी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अजगरा स्थित पारसनाथ शुक्ल इण्टर कालेज में आयोजित अभिवावक गोष्ठी में बच्चों के पठन पाठन को लेकर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य मृत्युंजय शुक्ल ने कहा कि बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ ही संस्कार का भी होना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने अभिवावकों से घर पर भी बच्चों की शिक्षा व संस्कार में विशेष ध्यान देने की अपील की। विद्यालय की प्रबन्धक संगीता शुक्ला ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ही अभिवावक गोष्ठी का आयोजन होता है। अभिवावक जागरूक रहते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दिलाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर सुनील, राकेश, दिवाकर, दिनेश सिंह, शिवशंकर दुबे, रामयश पाल आदि मौजूद रहे।

# शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि को बचाने के लिए हुई सामूहिक प्रार्थना

## बसंतोत्सव पर सामूहिक प्रार्थना सभा एवं सम्मान पेंशन वितरण समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वसंतोत्सव के अवसर पर शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में सरस्वती पूजन के साथ मधुर गीत, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से ऋतुराज वसंत का स्वागत किया गया और सबकी बुद्धि-शुद्धि के लिए माँ वीणावादिनी की पूजा अर्चना की गयी। उक्त अवसर पर शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि को बचाने के लिए सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा सामूहिक प्रार्थना की गई। इस दौरान सम्मान पेंशन वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथिगण क्रमशः जनता



शारदा संगीत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित अतिथिगण।

इन्टर कालेज, मऊआइमा, प्रयागराज के प्रबंधक इन्दुभाल त्रिपाठी, सेवा निवृत्त वरिष्ठ सहायक, राजकीय इन्टर कालेज, प्रतापगढ़ विनोद कुमार पाण्डेय, जिला महिला चिकित्सालय, प्रतापगढ़ की चिकित्सक डा० सरोज शुक्ला, राजकीय इन्टर कालेज, सरायानादेव, प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य अनिल कुमार निलय, शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्रा कु० कोमल जायसवाल एवं जनहित में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के बदले आजीवन मासिक पेंशन के रूप में सम्मान पेंशन पाने वाली डा० शिप्रा सरोज को अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी सामाजिक संघ की ओर से सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा समारोह की अध्यक्षता पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ० दयाराम मौर्य रत्न द्वारा की गयी। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि जब तक संसार में एक भी व्यक्ति ऐसा बचा है जिसे सम्मान पेंशन जारी नहीं की जा सकी है तब तक अम्मा साहेब ट्रस्ट का कार्य अधूरा रहेगा।

उक्त समारोह में मुख्य रूप से डॉ० शाहिदा, चन्द्रभान सिंह, सुनील कुमार सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राम लवट यादव, रोशनलाल उमरवैश्य, अशोक कुमार शर्मा, संदीप कुमार श्रीवास्तव, रामलली मौर्य, नित्या त्रिपाठी, सौम्या मिश्रा, मनप्रीत कौर, राकेश कनौजिया, अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात, अशोक कुमार तिवारी, सुमेधा श्रीवास्तव, नंदिनी श्रीवास्तव, हरीश सैनी, राजेश मिश्र, डॉ० अशोक अग्रहरी, डॉ० विनय कुमार श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, रूचि केसरवानी, संतोष कुमार ओझा, निकेश सरोज, डा० प्रवीण केसरवानी, प्रभाकर पाण्डेय, प्रेम प्रकाश मिश्र, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, ओ०पी० गुप्ता, संतोष कुमार पाठक, दीप शिखा, अभिषेक मिश्र, श्वेता गुप्ता, कमलेश कुमारी तिवारी, पूनम सिंह, तारा सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव, अरविन्द मिश्र, शमशेर बहादुर सिंह, कुसुमलता श्रीवास्तव, प्रताप सिंह, अरुण कुमार पाल, कमलेश जायसवाल, लालजी तिवारी, अनवर हुसैन खां, अंकित श्रीवास्तव, प्रदीप पाण्डेय, शालिनी कौशल, ललिता कामिनी श्रीवास्तव, प्रिय श्रीवास्तव, नीलेश शुक्ल, हिरन बाबू, अजय कुमार तिवारी, अमजद समर, राम कृपाल, ओम प्रकाश गौतम सहित संस्था के तमाम छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए

# सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है। आज परीक्षा केन्द्रों पर वैसे भीड़ कम दिखाई दी। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में बीएसएस सेकेण्ड्री स्कूल की दो इंटर की छात्राएं कला की परीक्षा देने आई थी।

यह जानकारी देते हुए स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि 19 फरवरी से अनिवार्य विषयों की परीक्षा शुरू होगी। स्कूल के प्रधानाचार्य वीके सोनी ने बताया कि आज प्रातःकालीन बेला में परीक्षा साढे. दस बजे से



परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

साढे. बारह बजे तक हुई थी। परीक्षार्थी 10.25 के पहले ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच गये थे।

# रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रोडवेज प्रतापगढ़ डिपो में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में निर्मल कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की अध्यक्षता में 13 रोडवेज कर्मचारी सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी ओमप्रकाश द्विवेदी, स्टेशन इंचार्ज वीरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ लिपिक शिव प्रकाश पांडे, जूनियर फोरमैन रामपाल, लिपिक प्रेमचंद, कैशियर सरोज देवी, अलीम खान, चालक रमजान खान, चालक मोहम्मद आबिद, हरिप्रसाद चालक, अशोक कुमार सिंह, अल्ताफ हुसैन, दिनेश कुमार यादव आदि कर्मचारियों को संयुक्त परिषद के पदाधिकारी ने अंग वस्त्र एवं मिष्ठान के साथ अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, परिषद के क्षेत्रीय मंत्री मान सिंह, विशिष्ट



विदाई समारोह में मौजूद रोडवेज डिपो के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण।

अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र पांडे ने अपने उद्बोधन द्वारा सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मंगल कामना के साथ भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन शिवाकांत मिश्रा ने किया। भानु प्रताप सिंह, चंद्र कुमार सिंह, शाखा अध्यक्ष कैलाश कुमार मिश्रा, शाखा मंत्री रामेश्वर प्रसाद आर्य, पुष्पराज मिश्र, रामदीन पटेल, रत्नाकर त्रिपाठी, केंद्र प्रभारी आदि कर्मचारियों ने भी अपने सेवानिवृत हो रहे साथियों को विदाई दी।

# टीका लगने के बाद मासूम की मौत का आरोप, दी तहरीर

## सीएचसी अधीक्षक ने गठित की जांच टीम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर इलाके के एक गांव में टीका लगने के बाद मासूम की हालत बिगड़ गयी। गुरूवार सुबह मासूम की मृत्यु हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बच्चे की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आशा बहू के द्वारा गलत टीका लगाने से मासूम की मौत होने का आरोप लगाया है। वहीं घटना की जानकारी होने के बाद सांगीपुर सीएचसी अधीक्षक ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की है। उदयपुर थानान्तर्गत अठेहा पूरे लोका गांव के सतीश सरोज की पत्नी अनामिका सरोज का आरोप है कि बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे गांव में आशा बहू द्वारा पोलियो आदि का टीका बताकर उसके दो माह के बेटे अभय को कुल चार टीके लगाये गये। टीका लगने के कुछ समय बाद मासूम की हालत बिगड़ने लगी। अगले दिन गुरूवार सुबह मां अनामिका को बेटे की मौत की जानकारी हुई तो वह चीखने चिल्लाने लगी। उसकी चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग भी जुट गये। पीड़ित मां ने आशा बहू के खिलाफ गलत टीकाकरण करने का आरोप लगाते हुए बेटे की मौत हो जाने की तहरीर दी है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि मृतक मासूम की मां ने तहरीर दी है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इधर सांगीपुर सीएचसी अधीक्षक आनन्द तिवारी का कहना है कि मामले मे तीन सदस्यीय स्वास्थ्य टीम गठित की गयी है। रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# डीजे गाड़ी व कार की आमने सामने भिड़न्त मे कार चालक की दर्दनाक मौत

## मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने उपचार हेतु कालाकांकर भेजा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर बुधवार की रात लगभग 12 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज चैराहे पर लखनऊ से प्रयागराज जा रही सिफ्ट डिजायर कार की सामने से आ रही डीजे वाहन से आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो जाने से कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बारे जानकारी करने पर पता चला कि लखनऊ से सिफ्ट डिजायर कार जिसमे 3-4 लोग एक ही परिवार के अपने घर प्रयागराज राजरूपपुर थाना धूमनगंज जा रहे थे कार को अनुराग श्रीवास्तव चला रहे थे। बुधवार की रात लगभग 12 बजे नवाबगंज परियावा चैराहे पर सामने से आ रही शादी विवाह की डीजे वाहन से आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो गई जिसमे कार चला रहे अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गये। कार में सवार एक महिला व एक लड़की को मामूली चोट आ गई। मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने अनुराग व दो महिलाओ को इम्बुलेंस से उपचार के लिए सी एच सी कालाकांकर भेजा, जहां चिकित्सकों ने अनुराग श्रीवास्तव को हालत नाजुक देखते हुए एस आर एन के लिए रेफर कर दिया और दोनों महिलाओ का उपचार करके इम्बुलेंस से एस आर एन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। इसी दौरान कुण्डा पहुंचते ही कार चालक अनुराग की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी रात में ही परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन लोग मौके पर पहुंच गये। तहरीर मिलने पर पुलिस ने कार चालक के शव की लिखा पढ़ी करके पी एम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात डीजे वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## जिला पंचायत सदस्य के भाई ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**दिलीपपुर, प्रतापगढ़।** जिले के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के रतनमई निवासी सुरेश विश्वकर्मा के 25 वर्षीय पुत्र कपिल विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कपिल विश्वकर्मा चार भाई एवम दो बहन हैं। दोनों बहनों की शादी हो गई है। कपिल की शादी अभी नहीं हुई थी। घर वालों ने बताया की रात करीब 9 बजे कपिल बाहर से आया एवम खाना खाकर कमरे में करीब 10 बजे सोने चला गया। सुबह परिजन जब उठे तो कमरे के सामने बने दुकान में उसका शरीर बीम में लगे रॉड के सहारे रस्सियों से लटकता हुआ मिला। सुरेश विश्वकर्मा की लोहे के सामान की दुकान एवम कारखाना है जो की घर में ही आगे के कमरों मे है। परिजनों का कहना है की कुछ महीनों से कपिल ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया था। सूचना पर दिलीपपुर थाने का पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस अकस्मात घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। क्षेत्र में समाचार मिलते ही लोगों की भीड़ सुरेश विश्वकर्मा के दरवाजे पर पहुंच गई। कपिल के बड़े भाई सोनू विश्वकर्मा वर्तमान में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने वाले गैंग का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार 8 लाख 84 हजार, लैपटॉप, पुलिस आईकार्ड, प्रवेश पत्र बरामद
## पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने में पकड़े गए आरोपी मऊ जनपद और भदोही जनपद के हैं

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस भर्ती सहित विभिन्न परीक्षाओं को पास कराने वाले गैंग का जिले की एसओजी साइबर सेल और सर्विलांस टीम ने खुलासा किया है पकड़े गए आरोपी मऊ जनपद और भदोही जनपद के हैं टीम ने गैंग में शामिल 3 युवकों को बलेनो कार,8 लाख 84 हजार रुपए,दो लैपटॉप,कई परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र मोबाइल और तमाम चेक के साथ साथ पुलिस आईकार्ड और फर्जी कागजात भी बरामद किए है। परीक्षा पास करने वाले गैंग के पकड़े गए शातिर युवक आयुष पाण्डेय पुत्र विनोद कुमार पाण्डेय निवासी बभनपुरा थाना रानीपुर जनपद मऊ, पुनीत सिंह पुत्र धीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम जोगीनका थाना गोपीगंज जनपद भदोही और नवीन सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह निवासी हरपुर पोस्ट बगली पिजरा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के निवासी है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जिले की एसओजी साइबर सेल और सर्विलांस टीम ने विभिन्न परीक्षाओं को पास कराने वाले गैंग के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है,इन युवकों के पास से 01 बलेनों कार,02 लैपटॉप,05 मोबाइल,पुलिस का फर्जी आईकार्ड,8 लाख 84 हजार रुपए और तमाम साइन और बिना साइन की चेक सहित तमाम फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए है।यह लोग परीक्षार्थियों को परीक्षा पास कराने के नाम पर ठग लेते थे और फिर फरार हो जाते थे।इस गैंग के कई अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है।जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### रोजगार मेले में 127 अभ्यर्थियों को दिया गया रोजगार

**महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज, अझुवा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 फरवरी को**

**कौशाम्बी।** कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत गुरुवार को विकास खण्ड-मूरतगंज के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 273 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 04 नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 127 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ बीडीओ मूरतगंज ने द्वीप प्रज्वलित कर किया उन्होंने उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के.के. राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला आदि रहे। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने बताया कि दिनांक 17 फरवरी 2024 को महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज, अझुवा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें 05 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। हाईस्कूल उत्तीर्ण एवं आईटीआई/ डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं।

## बारा विधायक अपना दल (र) वाचस्पति कौशाम्बी लोकसभा से ठोंकेगे ताल...प्रचार अभियान की खींची रूपरेखा

# लोकसभा चुनाव की तारीखों के पहले संभावित प्रत्याशियों ने कसी कमर

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशांबी।** भारत निर्वाचन आयोग ने अभी तक लोकसभा चुनाव की किसी प्रकार की घोषणा नहीं की है 18 वीं लोकसभा चुनाव संभवतः अप्रैल मई 2024 में प्रस्तावित हो सकता है। लेकिन प्रत्यासियों ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है सोसल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों में प्रत्यासी और उनके नजदीकी लोक लुभावन संदेश के पोस्ट डाल कर अपनी लोकप्रियता का बखान कर रहे हैं। वहीं बीते दिन बारा सुरक्षित सीट से अपना दल (सोनेलाल) पार्टी के विधायक वाचस्पति ने कई गाड़ियों के लाव लश्कर के साथ अझुवा क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोगों से मिलकर फोटो खींचाते हुए गलबहियां करते देखे गए तो लोगों में ये आशंका प्रबल हो रही है कि भारतीय जनता पार्टी और अपना दल( र) का केंद्र और राज्य में गठबंधन है कहीं लोकसभा कौशांबी(सुरक्षित) अपना दल(र) के हिस्से में गई है जिससे वाचस्पति कई गाड़ियों के लाव लश्कर के साथ चुनावी प्रचार कर रहे हैं।

डा. वाचस्पति मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं। कौशांबी की सिराथू विधानसभा सीट से 2 बार विधायक रह चुके हैं 2007 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते ,2014 के उपचुनाव में पाला बदल कर समाजवादी के टिकट पर पुनः सिराथू विधायक बन गए इनकी पत्नी मधुपति कौशांबी से 2 बार जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं डा. वाचस्पति पार्टी बदलकर चुनाव लडने में माहिर हैं 2022 में अपना दल(र) में शामिल होकर बारा सुरक्षित सीट से विधायक बन गए डा. वाचस्पति कई शिक्षण संस्थानों के मालिक हैं !चचाओं पर जाएं तो मौजूदा सांसद पार्टी में चल रही गुटबाजी का शिकार हो सकते हैं मौजूदा सांसद के समय समय पर दिए गए बयानों से जमकर छीछालेदर भी हुई है जिससे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उनसे नाराजगी प्रकट कर रहा है और कौशांबी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदले जा सकते हैं हालांकि कई अन्य चेहरे भी लोकसभा सीट के दावेदारी में शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में है लोकसभा चुनाव में सांसद का टिकट पार्टी किसे देती है चुनाव मैदान में किसे उतरा जाता है यह तो समय बताएगा।

# ओवरलोड बालू ट्रक का कहर, स्कार्पियो को ठोंका, बाल बाल बचा परिवार

## आखिर ओवरलोड वाहनों पर कौन लगाए लगाम, जिम्मेदार मौन



**अझुवा कौशांबी** जिले में ओवरलोड वाहनों पर जिम्मेदार लगाम नहीं लगा पा रहे जबकि इन ओवरलोड वाहनों से कई हादसे हो चुके हैं । देवीगंज में विगत वर्ष ओवरलोड बालू डस्ट पलटने से स्कार्पियो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग असमय काल के गाल में समा गए वैसी ही घटना की पुनरावृति बीती बुधवार की देर रात्रि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार संतोष केसरवानी पुत्र बुधसेन केसरवानी निवासी वार्ड नंबर 12 आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थाई व्यापार के सिलसिले सपरिवार कानपुर में निवास करते हैं शेष परिवार अझुवा में रहते हैं बीती देर रात्रि लगभग 11 बजे पत्नी और भाभी बच्चों संग अझुवा निज आवास कानपुर से अझुवा आवास आ रहे थे राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहा पर ज्योंहि अपने आवास की सड़क पर मुड़े तेज गति से ओवरलोड वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमे स्कार्पियो के चिथड़े उड़ गए गनीमत रही संतोष केसरवानी और उनका परिवार बाल बाल बच गया चीख पुकार पर रहे लोगों ने किसी तरह वाहन को ओवर लोड ट्रक से अलग किया मौके पर अझुवा चौकी पुलिस पहुंचकर ओवरलोड वाहन मय ड्राइवर को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है वहीं ओवरलोड ट्रक ड्राइवर ने बताया नंबर प्लेट पर कालिख और कीचड़ लगा दिया जाता प्रत्येक थाना क्षेत्र में इंट्री होती है ओवरलोड ट्रक बालू जो ट्रक की फूल बाडी तक भरा जाता है। ड्राइवर ने बताया कौहन घाट से बालू लेकर सैनी कोतवाली क्षेत्र में जा रहा था।

# बैठक में अनुपस्थित रहने पर महाप्रबन्धक दुग्ध विकास को चेतावनी एवं वेतन रोकने के निर्देश

**डीएम ने ग्राम्य विकास, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, दुग्ध विकास, कृषि रक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा गुरुवार को ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, दुग्ध विकास, कृषि रक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान जनवरी माह की रैंकिंग में डे एनआरएलएम बीसी सखी की रैंक 64वें स्थान पर होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त एनआरएलएम को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दियें। ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की रैंक 44वें एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की रैंक 53वें स्थान पर होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नियमित समीक्षा कर अवशेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने बैठक में महाप्रबन्धक दुग्ध विकास डॉ0 ए0के0 शर्मा के अनुपस्थित रहने पर चेतावनी एवं वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को शादी अनुदान योजना के क्रियान्वयन में आ रहीं समस्याओं का निस्तारण कर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार को राष्ट्रीय पारिवारिक योजना के आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित कर पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। बैठक में जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि जनवरी माह की रैंकिंग में कृषि रक्षा रसायन डीबीटी की रैंक प्रथम है, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमित समीक्षा करते हुए प्रथम रैंक को बनाये रखने के निर्देश दियें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत शासन से धनराशि प्राप्त हो गई है, सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### दंगा नियंत्रण टीम की आकस्मिक रूप से गणना लेते हुए चेकिंग की



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में जोनल रिजर्व दंगा नियंत्रण टीम की आकस्मिक रूप से गणना लेते हुए चेकिंग की गई। इस दौरान इनकी तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ब्रीफ किया गया।

### आरएम रोडवेज को ज्ञापन देकर रोडवेज बस चलाए जाने की सकिपा ने की मांग



**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे गुरुवार 15 फरवरी को पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (आर. एम.) मनोज कुमार त्रिवेदी से प्रयागराज जाकर भेट किया और सिराथू ब्लॉक के ग्राम खुझा मजरा अफजलपुरवारी से उदहिन बुजुर्ग चौराहा, तुलसीपुर, मंझनपुर और धाता से जुवरा, नारा, दुवरा (हिसामपुर बहरेमऊ, मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों से जिला मुख्यालय मंझनपुर और प्रयागराज तक लोगों के आवागमन हेतु रोडवेज बस चालू कराने की मांग की गई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज (प्रयागराज) मनोज कुमार त्रिवेदी ने समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवो से मुख्यालय मंझनपुर और प्रयागराज तक आवागमन हेतु कोई वाहन सुविधा नहीं है जिसके चलते लोगों को पैदल आवागमन करना पड़ता है। आगे कहा कि खुझा और धाता से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू होने से सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों के यात्रियों को भारी सहूलियत होगी और लोगो को पैदल आवागमन करने से मुक्ति मिलेगी। आगे कहा कि यह एक जनहित का मामला है। इस अवसर पर दीपक कुमार, मनोज कुमार, राजेश सोनकर, अरविंद साहू, जावेद अहमद आदि मौजूद रहें।

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के छात्रो अध्यापकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज थाना अन्तर्गत बिदनपुर, ककोढा ग्राम पंचायत क्षेत्र में सयुक्त विद्यालय उत्तर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के अध्यापक और छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली निकाली है रैली के दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया है प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार पांडेय, रहमत अली संजय प्रसाद, इम्तेयाज अली व राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के नवनीत चौधरी, मानवेन्द्र तिवारी, जिला बचत अधिकारी मंत्र बानो नोडल रुपाली कुशवाहा, प्रार्थमिक विद्यालय ककोढा प्रथम के साथ सहयोग रैली निकाल कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के आदेश अनुसार और बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम में बच्चों के साथ रैली निकाली गयी।

### भव्य तरीके से मनाया गया ठाकुर शिवम सिंह का जन्म दिवस



**कौशाम्बी** स्वर्ण आर्मी के महासचिव ठाकुर शिवम सिंह के जन्मदिन पर सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने शिवम सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी कौशांबी में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मिठाई बाटकर शिवम सिंह का जन्मदिन मनाया गया इस कार्यक्रम में मोनू तिवारी प्रदेश सचिव शुभम पांडे जिला संपर्क प्रमुख अजय पांडे जिला सचिव शाहिद तमाम लोग उनके जन्मदिन पर शामिल हुए और उन्हें उज्जवल भविष्य की बधाई दी।

### मातृभूमि इंटर कॉलेज में विदाई समारोह वार्षिक उत्सव का आयोजन

**कौशांबी** जिले के शमशाबाद सिराथू मातृभूमि इंटर कॉलेज में 15 फरवरी को विद्यालय परिवार ने वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से आयोजित किया वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने धमाल मचाया जिसकी लोगों ने सराहना की वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में नीलेश चौरसिया को अनूप त्रिपाठी द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें जिसमें विद्यालय प्रबंधक विनीत त्रिपाठी वा प्रधानाचार्य विमलेश यादव एव शिक्षक ब्रिजेश पवन तिवारी शंभू नारायण मिश्र के सी त्रिपाठी पूजा सहित समस्त छात्र छात्राएं शमशाबाद चौकी प्रभारी अंशुमन मिश्रा एव चौकी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### दिल्ली की बैठक में शामिल होंगे कौशांबी के किसान

**कौशांबी।** जिले से दिल्ली की योजना बना रहे भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चंदू तिवारी ने गुरुवार को चायल तहसील प्रांगण में बैठक की गई उस बैठक में दिल्ली में चल रहे धरना प्रदर्शन के निराकरण में भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद भी शामिल रहे तथा सरकार द्वारा किसानों की मांग पर प्रकाश डाला गया अजय मिश्रा , सुनील सिंह, रामू विश्वकर्मा, बाबा रामशरण ,नाथू यादव, रमाकांत आदि किसान बैठक में शामिल हुए और अपने समस्याओं का निदान सरकार से मांगी।

# रोज गायब रहने वाले कर्मी भी सीडीओ के निरीक्षण में मिले उपस्थित

**बीडीओ कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली एवं कार्यालय पशु चिकित्साधिकारी व सीडीपीओ कार्यालय का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण, कार्यालय में लगातार अनुपस्थित एवं शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता व लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज विकास खण्ड कौशाम्बी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित पाये गयें तथा विकास खण्ड कौशाम्बी में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह दिनांक 08 फरवरी 2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहें है। मनरेगा योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय में कार्यरत तकनीकी सहायक संजीव कुमार श्रीवास्तव आज दिनांक 15.02.2024 को अनुपस्थित पाये गये तथा उपस्थिति पंजिका में प्रशिक्षण अंकित है। विकास खण्ड कौशाम्बी में तैनात अन्य कार्मिकों की उपस्थिति का लाइव लोकेशन कराने पर इन दोनों कार्मिकों को छोड़कर सभी कार्मिक क्षेत्र में ही पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी ने वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में अवगत कराया कि कार्यालय में अनुपस्थित चल रहे है, जिससे विकास खण्ड में जनपद स्तर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले डॉक पत्रों का पृष्ठांकन समय से नहीं हो पाने के कारण सूचनाओं का संचरण समय से नहीं हो पा रहा हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिसका निस्तारण वरिष्ठ सहायक को करना है, परन्तु प्राप्त आईजीआरएस/शिकायतों का निस्तारण समय पर न होने के कारण विकास खण्ड की प्रगति प्रभावित हो रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक श्री दीपक सिंह द्वारा कार्यालय में लगातार अनुपस्थित रहने, कार्यो का समय से निस्तारण न करने एवं आईजीआरएस/शिकायत का समय से निस्तारण न करने के कारण विकास खण्ड की छवि धूमिल करने तथा शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर उन्हें अवगत करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पूर्ति तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह गठन की प्रगति खराब पाये जाने पर सभी कर्मचारियों को चेतावनी जारी कर एक सप्ताह के अन्दर लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दियें गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित पायें गये तथा उन्होंने उपस्थित मरीजां एवं तीमरदारों से वार्ता कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई ठीक प्रकार से न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कनैली को बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यालय-पशुचिकित्साधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी कौशाम्बी का भी आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में आम जनमानस के समस्याओं की जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

### गैर इरादतन हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0243/23 धारा 147/323/502/304भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त उपेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय करण सिंह निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना महेवाघाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# बीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन



**कौशांबी** जिला के नगर पंचायत सराय आकिल के बीएस पब्लिक जूनियर हाई स्कूल मे दिनांक 15 फरवरी को विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े धूम धाम से आयोजित किया गया कार्य क्रम का शुभारंभ समाजसेवी समर रस्तोगी अनिल स्वर्णकार व विद्यालय के प्रबंधक रवि सुवन द्विवेदी एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य बाल कृष्ण त्रिपाठी के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया तदुपरांत आए हुए सभी वरिष्ठ लोगो एवं पत्रकार बन्धुओ का प्रबंधक व प्रिंसिपल द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया उसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा मंच पर सरस्वती वंदना करके अनेको मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे श्री राम चरित मानस से सम्बन्धित लव कुश कांड की छलक दिखाते हुए कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति की गयी जिसको देखकर उपस्थित सभी गणमान्य लोग भाव विभोर हो गये इस दौरान विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चे बड़े हर्षउल्लास के साथ आनंदित हो रहे थे जिनके साथ उनके अभिभावक गण कार्यक्रम को देखकर विद्यालय की सराहना करते हुये आनंदित होते हुये विद्यालय के शिक्षक व प्रबंधक की व्यवस्था वा बच्चो के उज्वल भविष्य को लेकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा कर रहे थे बीएस पब्लिक स्कूल अपने शिक्षण कार्य व अनुसाशन के मामले मे पिछले कई सालो से अपनी ख्याति बनाये हुये है यहां के प्रबंधक व अध्यापको ने सदैव ही बच्चों के शिक्षण कार्य के साथ उनके टैलेंट को निखारने के लिए अक्सर विद्यालय मे अनेक कार्यक्रम करते रहते है जिससे शिक्षण के साथ उनका समाजिक विकास भी होता रहता है अंत मे विद्यालय के प्रबंधक रवि सुवन द्विवेदी ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्नवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर राजेश जयसवाल, रमेश स्वर्णकार, दिलीप मिश्रा, माला त्रिपाठी, सुरेश त्रिपाठी, अखिल रस्तोगी पत्रकार कामता प्रसाद चौरसिया, संजीव कुमार चौरसिया सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ व हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी महागाव में 12वीं के छात्र- छात्राओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**कौशाम्बी।** भीटी मंहगांव स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह एक अनोखा और यादगार समारोह था जिसमें सीनियर्स को उनके जूनियर्स ने फेयरवेल दिया 11वीं के छात्र एवं छात्राएं अद्वितीय उत्साह और उम्मीद के साथ अपने सीनियर्स के लिए यह अवसर खास बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे। समारोह में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड सुहानी गुप्ता को दिया गया। मिस्टर केपीएस का अवार्ड सौरभ यादव ,मिस केपीएस का अवार्ड हंसिका साहू को प्रदान किया गया। इसके अलावा, समारोह में मिस्टर साइंस का अवार्ड दीपांशु कुशवाहा को और मिस साइंस का अवार्ड दीपांजलि गुप्ता को दिया गया एवं मिस कॉमर्स रिजा खातून मिस्टर कॉमर्स मोहम्मद आसिफ को दिया गया अन्य छात्र-छात्राओं को भी शील्ड दे करके सम्मानित किया गया जिससे सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और चारों तरफ उत्साह का माहौल दिखाई दिया यह समारोह छात्रों के बीच अद्वितीय बंधन को मजबूत करता है और उन्हें उनके भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं भविष्य की डोर आपके हाथ में है कठिन परिश्रम और लगन से आप लोग अपने कार्य को करते जाइए आप सफलता की ऊंची चोटी पर पहुंच जाएंगे सफलता केवल कठिन परिश्रम से ही प्राप्त होती है और कठिन परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है देश का भविष्य तभी उज्जवल हो सकता है जब देश के नौनिहाल कठिन परिश्रम और लगन के साथ अपने कर्तव्य पथ की ओर बढ़ते रहें आप सभी को मेरा केवल एक संदेश है की बच्चों कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही किसी भी परिवार, समाज ,प्रदेश ,राष्ट्र की समृद्धि संभव है इसलिए बच्चों आप सभी कठिन परिश्रम करें सफलता प्राप्त करें और अपने विद्यालय का अपने परिवार का समाज का नाम रोशन करें और विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करें.इस अवसर पर संस्थान के उप प्रधानाचार्य प्रखर मिश्रा ने कहा कि बिना कठिन परिश्रम के कभी भी सफलता प्राप्त नहीं हो सकती आप सभी देश के भविष्य हैं और आप सभी का कर्तव्य है कि अपने कंधे मजबूत बनाएं और मजबूत कंधे ही किसी भी देश के सुनहरे सुनहरे भविष्य का निर्धारण कर सकते हैं डॉक्टर सचिन त्रिपाठी, रणजीत सिंह, अखिलेश सिंह, नीलम खरवार, राहुल सिंह, सुदीप श्रीवास्तव आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# विश्व का एक अनूठा त्यौहार है मर्यादा महोत्सव



**-: ललित गर्ग:-**

जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है। इसी मर्यादा की सीख देने वाले धर्म, धर्मगुरु एवं धर्म-संगठन जिस तरह मर्यादाहीन होते जा रहे हैं, वह एक गंभीर स्थिति है। जबकि किसी भी धर्मगुरु, संगठन, संस्था या संघ की मजबूती का प्रमुख आधार है-मर्यादा। यह उसकी दीर्घजीविता एवं विश्वसनीयता का मूल रहस्य है। विश्व क्षितिज पर अनेक धर्म संघ, संप्रदाय, संस्थान उदय में आते हैं और काल की परतों तले दब जाते हैं। वही संगठन अपनी तेजस्विता निखार पाते हैं, जिनमें कुछ प्राणवत्ता हो, समाज के लिए कुछ कर पाने की क्षमता हो। बिना मर्यादा, संयम और अनुशासन के प्राणवत्ता टिक नहीं पाती, क्षमताएं चुक जाती हैं। मर्यादा धर्म संगठनों का त्राण है, प्राण है, जीवन रस है। अंधियारी निशा में उज्ज्वल दीपशिखा है। समंदर के अथाह प्रवाह में बहते जहाज के लिए रोशनी की मीनार है।

तेरापंथ धर्मसंघ एक प्राणवान संगठन है और उसमें मर्यादाओं का सर्वाधिक महत्व है। इसके आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु ने तत्कालीन समाज की दुर्दशा एवं अनुशासनहीनता को देखते हुए मर्यादाओं का निर्माण किया। न केवल साधुओं के लिये बल्कि श्रावकों-श्रद्धालुओं के लिये भी नियम बनायें। सम्यक श्रद्धा और आचार शुद्धि को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा बनाई। आचारनिष्ठा, विचार शुद्धि, संगठन की सुघड़ता एवं सुव्यवस्था ही उनका प्रमुख ध्येय था। धर्म-संगठन की सुदृढ़ता व चिरजीविता का रहस्य है इसकी मर्यादाएं। मर्यादाओं की सुदृढ़ प्राचीर में संघ की इमारत अपनी सुरक्षा व खूबसूरती को कायम रखे हुए है। तेरापंथ की मर्यादाओं के सन्दर्भ में कहा जाता है कि वह बिखराव को समेटती है, उच्छृंखलता को अंकुश देती है, समय का प्रबन्धन करती है, शक्तियों का सही दिशा में नियोजन करती है, जीवन को आत्मानुशासन से संवारती है।

तेरापंथ धर्मसंघ की एकता, संगठन, अनुशासन और मर्यादा का प्रतीक है-मर्यादा महोत्सव। पर्वों, उत्सवों एवं त्यौहारों की दुनिया में यह एक निराला त्यौहार है। विश्व भर में अनेक उत्सव, पर्व या कार्यक्रम मनाए जाते हैं। जन्म दिवस और निर्वाण दिवस के आयोजन होते हैं। पर मर्यादा महोत्सव मनाने की परंपरा तेरापंथ की अपनी मौलिकता है, विशेषता है। संघ की वैधानिक, संगठनात्मक और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का केंद्र है-मर्यादा महोत्सव। साधु-साध्वियों एवं समण-समणियों की सारणा-वारणा, सार-संभाल का समय है-यह महोत्सव। चातुर्मास की नियुक्ति व पूर्व वर्ष के सिंहावलोकन का काल है-इस उत्सव का समय। मर्यादा की धाराओं की पुर्नउच्चारण व पुनार्भिव्यक्ति का माध्यम है-मर्यादा महोत्सव।

मर्यादा-महोत्सव दुनिया का अनूठा उत्सव है। तेरापंथ की गतिविधियों का नाभि केंद्र है। मर्यादा महोत्सव का केन्द्रीय विराट आयोजन संघ के अधिशास्ता की पावन सन्निधि में समायोजित होता है। इस वर्ष आचार्य श्री



महाश्रमण के सान्निध्य में 160वां मर्यादा महोत्सव वाशी (महाराष्ट्र) में 14-16 फरवरी, 2024 आयोजित हो रहा है, इसकी पृष्ठभूमि चातुर्मास की समाप्ति के साथ ही शुरू हो जाती है। प्रस्तुत वर्ष का मर्यादा महोत्सव कहां मनाना है यह घोषणा आचार्य प्रवर द्वारा काफी समय पहले ही हो जाती है। देश-विदेश में विहार और धर्म प्रचार करने वाले सैंकड़ों साधु-साध्वियां और समण-समणियां महोत्सव स्थल पर गुरु सन्निधि में पदयात्रा करते हुए पहुंच जाते हैं। गुरु दर्शन करते ही अग्रगण्य साधु-साध्वियां स्वयं के पद को और स्वयं को विलीन कर विराटता का अनुभव करते हैं।

मर्यादा महोत्सव तेरापंथ का महाकुंभ मेला है। इसका आयोजन तीन दिवसीय होता है और इस अवधि में शिक्षण-प्रशिक्षण, प्रेरणा-प्रोत्साहन, अतीत की उपलब्धियों का विहंगावलोकन, भावी कार्यक्रमों का निर्धारण आदि अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियां चलती हैं। सब साधु-साध्वियां अपने वार्षिक कार्यक्रमों और उपलब्धियों का लिखित और मौखिक विवरण प्रतिवेदित करते हैं। श्रेष्ठ कार्यों के लिए गुरु द्वारा विशेष प्रोत्साहन मिलता है। कहीं किसी का प्रमाद, मर्यादा के अतिक्रमण का प्रसंग उपस्थित होता है तो उसका उचित प्रतिकार होता है। संघ की यह स्पष्ट नीति है कि किसी की कोई गलती हो जाए तो उसको न छुपाओ, न फैलाओ, किन्तु उसका सम्यक परिमार्जन करो, प्रतिकार करो।

प्रकृति का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और मर्यादा को अपनाकर जीवन को संवारे। मर्यादा-महोत्सव का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि मर्यादा से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक को मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढ़ाएं।

आचार्य श्री तुलसी एवं आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने अपनी प्रखर आध्यात्मिक प्रतिभा से समूचे राष्ट्र को प्रेरित किया है और उन्हीं की ऊर्जा से तेरापंथ धर्मसंघ का मर्यादा महोत्सव जन-जन की आस्था का केन्द्र भी बना है, एक प्रेरणा बना है। यह महोत्सव मात्र मेला ही नहीं है, सैकड़ों प्रबुद्ध साधु-साध्वियों का मिलन संघीय इतिहास में श्री स्वस्ति का उद्घोषक बनता है। वह मात्र आयोजनात्मक ही नहीं, वह संघ के फलक पर सृजनशीलता के नये अभिलेख अंकित करता है। महोत्सव के समय ऐसा लगता है मानो नव निर्माण के कलश छलक रहे हैं, उद्यम के असंख्य दीप एक साथ प्रज्वलित हो रहे हैं। हर मन उत्साह से भरा हुआ, हर आंख अग्रिम वर्ष की कल्पनाशीलता पर टिकी हुई और हर चरण स्फूर्ति से भरा हुआ प्रतीत होता है। यह महापर्व पारस्परिक संबंधों को प्रगाढ़ता प्रदान करता है। उनमें अंतरंगता लाता है। अनेकता में एकता का बोध कराता है। मर्यादा महोत्सव संघीय चेतना का अदृश्य वाहक है। इसमें वैयक्तिक और संघीय गति, प्रगति एवं शक्ति निहित है। स्वयं को समग्र के प्रति समर्पित करने का अनूठा महोत्सव है यह। इसका संदेश है स्वयं को अनुशासित करो, प्रकाशित करो और दूसरों को प्रेरणा दो। अपेक्षा है एक धर्मसंघ में मनाया जाने वाला यह अनूठा पर्व, समग्र मानवता का उत्सव बने। मर्यादा महोत्सव इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित होता है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्ष की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्ष में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाता है और अपने भाग्य की रेखाओं में संयम और मर्यादा के रंग भरता है, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करता है। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण मर्यादा महोत्सव का हार्द है।

सहिष्णुता यानि सहनशीलता। दूसरे के अस्तित्त्व को स्वीकारना, सबके साथ रहने की योग्यता एवं दूसरे के विचार सुनना- यही शांतिप्रिय एवं सभ्य समाज रचना का आधारसूत्र है और यही आधारसूत्र को मर्यादा महोत्सव का संकल्पसूत्र है। परिवार, गांव, समाज जैसी संस्थाएं टूट रही हैं। रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आत्मीयता समाप्त हो रही है। तथाकथित विकास के रास्ते पर जो हम चल रहे हैं वह केवल बाहरी/भौतिक है, जो सहिष्णुता के आसपास पनपने वाले सभी गुणों से हमें बहुत दूर ले जा रहा है। आधुनिक संचार माध्यमों के कारण जहां दुनिया छोटी होती जा रही है, वहीं मनुष्य ने अपने चारों तरफ अहम् की दीवारें बना ली हैं, जिसमें सहिष्णुता के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में फैलता वैचारिक एवं अनैतिक प्रदूषण, आर्थिक अपराधीकरण, रीति-रिवाजों में अपसंस्कृति का अनुसरण, धार्मिक संस्कारों से कटती युवापीढ़ी का रवैया, समाज-राष्ट्र में बढ़ता सत्ता, प्रतिष्ठा और धन का अन्धाधुन्ध आकर्षण जैसे जीवन-सन्दर्भों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न कर हम समझ के साथ भारतीय संस्कृति को बहुमान दें। तभी मर्यादा महोत्सव संघ की बुनियाद पर समाज एवं राष्ट्र को नई प्रतिष्ठा एवं नई दिशा दे सकेगा।

मर्यादा महोत्सव धर्म का एक आदर्श स्वरूप है जो अच्छाइयों के प्रति आस्था और बुराइयों के प्रति संघर्ष करने का साहस देता है। इस महोत्सव का निहितार्थ है कि मर्यादाओं को जीवन से अलग नहीं किया जा सकता। मर्यादाएं तो सांस की भांति जीवन के साथ-साथ चलती हैं। मर्यादा का मतलब वह आस्था है जो जीवन के ऊंचे आदर्श, शुद्ध नीतियों और किये गये वायदों के प्रति जागरूक रखती है। इन्हीं मर्यादाओं को मर्यादा महोत्सव का उपहार मानें और उसे अपने जीवन के साथ जोड़ लें। यह धर्म भी सफलता का एक मंत्र है।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

## संपादक की कलम से

# भारतवर्ष का सनातनी, वैदिक ज्ञान, देश के साथ विश्व को देता ज्ञानालोक

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए। क्योंकि नागरिकों का नैतिक और सदाचारी स्वभाव और व्यवहार राष्ट्रीय संपत्ति होता है और यही संपत्ति राष्ट्र को एक सशक्त राष्ट्र और उत्कृष्ट देश बनाने में सदैव सहायक होता है। आध्यात्मिक शिक्षा सदाचार सद्गुण और चरित्र यह मनुष्य के बहुत ही महत्वपूर्ण आंतरिक तत्व हैं और इसी से मनुष्य का सकारात्मक व्यक्तित्व निर्मित होकर महान राष्ट्र की पृष्ठभूमि को अवलंबित करता है। देश का सद्गुणी सदाचारी सच्चरित्र व्यक्ति है देश को विकास की ओर सदैव ले जा सकता है एवं एक सशक्त राष्ट्र भी बनाने में मदद करता है। इसलिए अध्यात्म चरित्र तथा नैतिक शिक्षा को किसी भी राष्ट्र में प्राथमिकता देकर पुष्पित और पल्लवित किया जाना चाहिए।

# लोकतंत्र को नया मोड़ देता तेजस्वी का भाषण

**- सर्वमित्रा सुरजन**

आज सियासत से लेकर बौद्धिक जगत में तेजस्वी यादव के भाषण की चर्चा हो रही है। यह सही समय है कि भाजपा, जदयू और सत्ता, संपत्ति या आभिजात्य के अहंकार में डूबे तमाम लोग आत्ममंथन करें कि आखिर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का वे कैसा उपयोग कर रहे हैं और देखें कि किस तरह तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और हेमंत सोरेन जैसे लोग लोकतंत्र के दरिया को नया मोड़ देने में जुटे हुए हैं।

रोमांचक क्रिकेट मैच में जब दोनों टीमों के बीच बराबरी की टक्कर होती है और हार-जीत का फैसला आखिरी गेंद पर ही होता है, तो अक्सर ऐसे मैच की रिपोर्टिंग के शीर्षक में लिखा जाता है- इस टीम ने जीता मैच, उस टीम ने दिल। ठीक ऐसा ही रोमांचकारी अहसास सोमवार 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट के दौरान हुआ। विश्वासमत में जीत तो नीतीश कुमार ने हासिल की, लेकिन तेजस्वी यादव ने दिल जीत लिया। इस वक्त जब नफरत और बदले की भावना को राजनीति का पर्याय बना दिया गया है। जब विरोधियों के लिए सम्मान का कोई भाव नहीं बचा है। विपक्षियों पर सत्तापक्ष जितनी हिकारत आक्रमण करे उतना उसे ताकतवर माना जाने लगा है। तब तेजस्वी यादव के विधानसभा में दिए भाषण को सुनना एक सुखद अहसास जगा गया। नई उम्मीदें जाग गईं कि अगर तेजस्वी यादव जैसे कुछ और युवा नेता पूरे देश में विभाजनकारी, सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ बिना डरे, पूरी शालीनता के साथ, तथ्यों सहित अपनी बात रखने लगें तो लोकतंत्र को बचाया जा सकता है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में कुछ राजनेताओं के भाषण सुनहरे पन्नों पर अंकित हो चुके हैं। शुरूआत 14-15 अगस्त 1947 की अर्द्धरात्रि को नेहरूजी के दिए भाषण से की जा सकती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि- आधी रात के समय, जब दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा। एक क्षण आता है, जो इतिहास में शायद ही कभी आता है, जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते



हैं, जब एक युग समाप्त होता है, और जब लंबे समय से दबी हुई एक राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्ति मिलती है। इस क्षण में हम कुछ गर्व के साथ भारत और उसके लोगों की सेवा तथा मानवता के इससे भी बड़े उद्देश्य के प्रति समर्पण की शपथ लें। आज हम दुर्भाग्य के एक दौर को समाप्त कर रहे हैं और भारत फिर से खुद को खोज रहा है।

1 जून 1996 को 13 दिन सरकार चलाने के बाद जब बाजपेयी सरकार अल्पमत में आ गई तो अटलबिहारी बाजपेयी ने बड़ी शालीनता के साथ बहुमत के सामने नतमस्तक होने की बात कही थी। बाजपेयीजी एक प्रखर वक्ता थे, लेकिन अपने इस ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने लोकतंत्र के लिए बड़ा संदेश दिया था कि 'सरकारें आएंगी-जाएंगी मगर ये देश और उसका लोकतंत्र रहना चाहिए। मैं अपना इस्तीफा देने के लिए राष्ट्रपति के पास जा रहा हूं। मोदीकाल में जब कई राज्यों में हार या अल्पमत में होने के बावजूद भाजपा ने सत्ता हड़पने के प्रयास खुलकर किए तो बाजपेयीजी की ये पंक्तियां याद आईं, हालांकि उनकी ही पार्टी के लोग अब लोकतंत्र के इस सिद्धांत को भुला चुके हैं। 30 जनवरी 2023 को भारत जोड़ो यात्रा का श्रीनगर में समापन करते हुए राहुल गांधी ने जो भाषण दिया, वह भी ऐतिहासिक भाषणों में शुमार किया जाना चाहिए। राहुल गांधी बहुत अच्छे वक्ता नहीं हैं, उनके भाषणों में अक्सर दोहराव होता है, शब्दों के सही चयन में उन्हें कई बार दिक्कतें आती हैं, मगर उनकी भावनाएं लोगों तक प्रेषित हो जाती हैं, क्योंकि वे दिल से बोलते हैं, बिना लाग-लपेट के बोलते हैं। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान और डरो मत, ये दो नारे राहुल गांधी लगातार जनता के बीच बुलंद करते आ रहे हैं। और श्रीनगर में उन्होंने इन्हीं नारों को साकार करते हुए कहा था कि- मैं जम्मू से कश्मीर जा रहा था तब मेरी सुरक्षा की बात हो रही थी। मुझसे कहा गया कि पैदल चलने पर आप पर ग्रेनेड फेंका जाएगा। मैंने कहा 4 दिन चलूंगा, बदल दो इस टी-शर्ट का रंग, लाल कर दो। सफेद टी शर्ट के लाल हो जाने की कल्पना मात्र से भय की लहर दौड़ जाती है, क्योंकि इस देश ने हिंसा और नफरत का लंबा दौर देखा है। राहुल गांधी ने अपनी दादी और पिता को इसी तरह खोया है, इसलिए उन्होंने अपने भाषण में ये भी कहा था कि अपनों को खोने वालों के दिल में क्या होता है, जब फोन आता है तो कैसा लगता है, वो मैं समझता हूं, मेरी बहन समझती है। 1963 में संसद में राममनोहर लोहिया ने जब कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नेहरू को उन पर हो रहे खर्चों और एक आम भारतीय के रोजाना खर्च की तुलना करते हुए जो भाषण दिया था, वह तीन आना बनाम पंद्रह आना के नाम से विख्यात है ही, इसी तरह 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद इंदिरा गांधी ने लोकसभा में जो भाषण दिया, उसकी गिनती भी ऐतिहासिक भाषणों में शुमार होती है।

इन तमाम भाषणों में खास बात ये रही कि इनसे राजनीति के वृहत्तर उद्देश्यों के लिए दृष्टिकोण नजर आया। मैं, मेरा, मैंने से ऊपर उठकर लोकतंत्र का उदारवादी पक्ष इन भाषणों में मजबूती से उभ?ा। इनके बरक्स अगर पिछले 10 सालों में नरेन्द मोदी के तमाम भाषणों को रखें, तो एक भी भाषण उल्लेखनीय नहीं मिलेगा। क्योंकि श्री मोदी के हर भाषण में एक ओर अहंकार झलकता है और दूसरी ओर अपने विरोधियों के लिए तिरस्कार। और इस वक्त अपवादस्वरूप एकाध भाजपा नेता को छोड़ दें, तो लगभग सारे नेता, सरकार के तमाम मंत्री इसी तरह हिकारत और घृणा के भाव से भाषण या बयान देते हैं, मानो उनसे असहमति जतलाकर, उनकी नीतियों का समर्थन न करके कोई भारी पाप कर रहा है। इन नेताओं का अनुसरण करते हुए अब पत्रकारों ने भी यही शैली अपना ली है। खबरों के विश्लेषण में पक्षपाती तो वे नजर आते ही हैं, सरकार का विरोध करने वालों के लिए उनकी तल्खी भी खुलकर दिखती है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए आज तक चैनल के पत्रकार सुधीर चौधरी ने इसी तल्ख भावना के साथ टिप्पणी की थी कि सीएम पद जाने के बाद हालात बदल गए हैं। अब उन्हें जंगल में आदिवासी की तरह रहना पड़ेगा। जैसा वे 30-40 साल पहले रहा करते थे। उनके लिए यह काफी मुश्किल होगा। इस से नाराज एक आदिवासी समूह ने एससी एसटी एक्ट के तहत सुधीर चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि सुधीर चौधरी ने सोशल मीडिया पर इसके लिए माफी भी मांग ली थी। 5 फरवरी को जब झारखंड विधानसभा में चंपाई सोरेन को विश्वासमत की परीक्षा से गुजरना पड़ा था, तब हेमंत सोरेन ने भी शानदार भाषण दिया था और इस टिप्पणी का जवाब भी दे दिया था कि हम जंगल से बाहर आ गए, इनके बराबर बैठ गए, तो इनके कपड़े मैले होने लगते हैं। ये हमें अछूत देखते हैं, और इन्हीं विडंबना को तोड़ने के लिए हमने एक प्रयास किया था।

# भिखारियों से शर्मिंदा है देश

**आत्माराम यादव पीव**

आज की तारीख में दुनियाभर के देशों में भारत का नेतृत्व करने वाले ये राजनेता वोट की भीख मॉगते समय भिखारियों के आत्मविश्वास को धराशाही कर वोट की भीख पाकर अपने भाग्य को आजमा कर भाग्यशाली बन जाते है। असल में देखा जाए तो भारत मॉ के भाल पर विराजमान भिखारी ये ही राजनेतागण है और ये ही असल में भारत मॉ के असली लाल भी है, जिनसे देश शर्मिंदा है। आपको आश्चर्य होगा कि भारत का सविधान भी अजब,गजब और अनूॅठा है जहॉ जनता के समक्ष अपनी कमर को इस प्रकार झुकाकर कि मानों उनकी कमर में रीढ़ की हडडी ही गायब हो और सनातन परम्परा को मात देकर मतदाताओं के हाथजोड़कर, पैर छूकर वोट की भीख मॉगने वाले आखिरकर जीत के बाद अपने सिर पर सत्ता का राजमुकुट धारण कर सरकार चलाते है। एक और ऐसे गरीब,मजबूर, लाचार, दुखियारे बदनसीब लोग होतें है जिन्हें इन सरकारों की ओर से इनकी योग्यताओं को दरकिनार रखकर इनके रोजगार, स्वास्थ्य, पढ़ाई आदि की व्यवस्था न किए जाने पर वे अपने दिल से बेशर्मी को त्यागकर भीख मॉगने निकलते है, वहीं दूसरी ओर भारतीय संस्कृति में दान-पुण्य से मोक्ष पाने की देशना के रहते लोगों द्वारा खुलकर भीख दिए जाने पर अधिंकाश लोग इसे अपना व्यवसाय समझ कर भीख मॉगते हैं तो वहीं दूसरी ओर गिरोहों के रूप में बच्चों-महिलाओं को अगवा कर शारीरिक अपंग बनाकर भीख मॅगवाने का कारोबार चरम पर है। यह एक गंभीर अपराध है पर ऐसे गिरोहों के सरगनाओं पर देश के भिखारी राजनेताओं का बरदहस्त होने से प्रशासन खामोश रहता है।

देश समस्याओं से ग्रस्त है, इसलिए समस्याऍ कभी खत्म नहीं होती है। सरकारें विकास के नए आयाम हासिल करने के लिए अरबों रुपए अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित कर अपने विकास का ढ़िढौरा पीटती है, विकास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा धराशाही दिखाई देता है, सरकारें तत्काल दूसरों पर दोषारोपण कर अपना पल्ला झाड़ती है। एक ओर सामान्य भिखारी मंदिरों, चौराहों, होटलों, पार्को, राष्ट्रीय स्मारकों के आसपास विदेशी सैलानियों सहित अधिक भीड़वाले क्षैत्र में भीख मॉगने बैठते है कि भिखारियों के कारण देश की बदनामी न हो, स्थानीय प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन भिखारियों को डण्डे के बल पर खदेड़ता दिख जाएगा। आश्चर्य की बात है कि देश के भीतर कटोरा लिए इन भिखारियों के कारण देश की बदनामी राजनेताओं को दिखाई दे जाती है पर उन राष्ट्रप्रमुख भिखारियों का क्या ? जो देश के विकास के नाम पर, प्रदेशों में मेट्रो, बिजली, पानी, सुरक्षा, विकास, शिक्षा, संस्कृति आदि तमाम बनती-बिगड़ती, योजनाओं के नाम पर अमीर देशों के सामने कटोरा लेकर भीख मॉगकर लाते है क्या इससे देश बदनाम नहीं होता, क्या राजनेताओं का इस प्रकार भीख मॉगना देश-प्रदेश की गरिमा के विपरीत नही है?

प्रेमी हमेशा प्रेम, प्यार, शरीर की भीख मॉगता है। ग्रहणी घरों में शकर, चायपत्ती, आलू टमाटर, एक कटोरी दाल,बेसन आदि खत्म हो गए, कल लौटा देंगे कहकर भीख मॉगती है उनका कल नहीं होता, और कोई न कोई बहाना बनाकर घरों में सुबह शाम भीख के लिए खड़ी होती है, कारण बढ़ती मॅहगाई के समक्ष कईयों के चूल्हें एक टाईम सुलग ही नहीं पाते है और लोग भूखे सोने की बजाए अडौस-पड़ौस में ताकाझॉकी कर खुद के जीवित होने का यह उपाय सही समझते है। शिक्षा हो या खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम हो या लेखन हर जगह भीख मॉगने वालों की भीड़ लगी है।

## विचार

# वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट दुबई 2024-भारत नें विश्व को नया मार्ग सुझाया है

**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर आज दुनियां का हर देश वहां के नागरिकों द्वारा चुनी हुई सरकारों द्वारा चल रहा है। हालांकि इसमें कुछ अपवाद भी हो सकते हैं परंतु अधिकतम देशों में आज लोकतंत्र का पहिया मजबूत होते जा रहा है। पूरी दुनियां का सबसे पुराना लोकतंत्र अमेरिका है,तो सबसे बड़ा विशाल लोकतंत्र भारत है जो आज दुनियां का नेतृत्व करने में सक्षम है, इसलिए ही आज अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब अपनी बात कहता है तो पूरी दुनियां ध्यान से सुनती है आज भारत की प्रतिष्ठा के मूल्य का अंदाजा हो जाता है। इसलिए ही विकसित देशों में कोई बॉस कहता है तो कोई ऑटोग्राफ लेने की बात कहता है ।भारत का रुतबा है कि हम दुनियां के हर शिखर सम्मेलन में सदस्य के नाते या फिर सम्मानित अतिथि के नाते या फिर सहयोगी के नाते सम्मिलित होते हैं, जहां अति विशिष्ट महत्व प्राप्त होता है जिसका सबसे ताजा उदाहरण दुबई में 12 से 14 फरवरी 2024 को समाप्त हुए वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में भारत के वजन का पता चलता है, जहां हमारे पीएम ने संबोधन किया चुंकि विश्व सरकार शिखर सम्मेलन दुनियां भर के थॉट लीडर्स को एक मंच पर लाने का एक बहुत बड़ा माध्यम बना है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां के जिन देशों की सरकारें पारदर्शिका को प्राथमिकता देती है उनके नतीजे अच्छे निकलते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट दुबई 2024 की करें तो, 12-14 फरवरी तक दुबई में संपन्न हुए 2024 विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में भारत, तुर्किये और कतर को सम्मानित अतिथि के रूप में नामित किया गया हैशिखर सम्मेलन का विषय भविष्य की सरकारों को आकार देना है, जिसमें दुनियां भर से 25 से अधिक सरकार और राज्य प्रमुख भाग लिए ।तुर्किये,भारत और कतर के प्रतिनिधि मंडलों का नेतृत्व उनके संबंधित नेताओं द्वारा किया जाएगा :तुर्किये से राष्ट्रपति, भारत से पीएम , और कतर से पीएम और विदेश मंत्री ।शिखर सम्मेलन के दौरान अतिथि देश अपने सफल सरकारी अनुभवों और सर्वोत्तम विकासात्मक प्रथाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही 120 सरकारी प्रतिनिधिमंडलों और 4, हजार उपस्थित लोगों के साथ 85 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के नेताओं, विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के विचार भी एक साथ लाएंगे ।विश्व सरकार शिखर सम्मेलन संगठन एक वैश्विक, तटस्थ,गैर-लाभकारी संगठन है। इसका उद्देश्य सरकारों के भविष्य को आकार देना है। शिखर सम्मेलन, अपनी विभिन्न गतिविधियों में, नवाचार का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, मानवता के सामने आने वाली सार्वभौमिक चुनौतियों को हल करने के लिए अगली पीढ़ी की सरकारों और प्रौद्योगिकी के एजेंडे का पता लगाता है। विश्व सरकार शिखर सम्मेलन सरकारों के लिए एक वैश्विक ज्ञान विनिमय मंच है। इसकी स्थापना 2013 में संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री, दुबई के शासक महामहिम के गतिशील नेतृत्व में की गई थी और यह उत्कृष्टता और समावेशिता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है ।शिखर सम्मेलन ऐसे स्थान बनाते हैं जहां नेता किसी उद्योग या क्षेत्र को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों या रुझानों पर चर्चा कर सकते हैं। अधिकांश शिखर सम्मेलनों के दो लक्ष्य होते हैं: साथी विशेषज्ञों के साथ विचारों को साझा करना और उन पर बहस करना।

साथियों बात अगर हम विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने कहा, आज विश्व को साफ और पारदर्शी सरकार की जरूरत है आगे जोड़ते हुए उन्होंने कहा, आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो क्लीन हो, करप्शन से दूर हो,जोट्रांसपेरेंट हो। आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो ग्रीन हो, पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को लेकर गंभीर हो। आज विश्व को आवश्यकता है ऐसी सरकारों की जो ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ जस्टिस, ईज ऑफ मोबिलिटी, ईज ऑफ इनोवेशन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को अपनी प्राथमिकता बनाकर चले, गत वर्षों में लोगों का भरोसा भारत सरकार पर बढ़ा है ।पीएम ने बताया कि उन्होंने हमेशा ऐसा एनवायरनमेंट क्रिएट करने पर जोर दिया जो नागरिकों में एंटरप्राइज और एनर्जी दोनों को और बढ़ाए। हम टॉप डाउन और बॉटम अप अप्रोच के साथ-साथ होल ऑफ सोसाइटी अप्रोच को लेकर भी चले हैं। हमनेहोलिस्टिक अप्रोच पर बल दिया,पीपल पार्टिसिपेशन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सुशासन में हमने जनभावनाओं को जगह दी है। हमने प्रयास किया कि कोई अभियान भले ही सरकार शुरू करे लेकिन समय के साथ देश की जनता उसकी बागडोर खुद संभाल ले। जनभागीदारी के इसी सिद्धांत पर चलते हुए हमने भारत में अनेक बड़े ट्रांसफॉर्मेशन देखें हैं। हमारी सैनिटेशन ड्राइव हो, गर्ल एजुकेशन को बढ़ाने का अभियान हो, डिजिटल लिटरेसी हो इनकी सफलता पिपल्स पार्टिसिपेशन से ही सुनिश्चित हुई है ।पीएम ने कहा, मैं मानता हूं कि सरकार का अभाव भी नहीं होना चाहिए और सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। मैं ये मानता हूं कि लोगों की जिंदगी में सरकार का दखल कम से कम हो ये सुनिश्चित करना भी सरकार का ही काम है। हम अक्सर कई एक्सपर्ट्स को सुनते हैं कि कोविड के बाद दुनियाभर में सरकारों पर भरोसा कम हुआ है लेकिन भारत में हमने एक दम विपरीत अनुभव देखा ।कोविड के बाद दुनिया भर में सरकारों पर भरोसा कम हुआ है बीते वर्षों में भारत सरकार पर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है, लोगों को हमारी सरकार के इंटेंट और कमिटमेंट दोनों पर पूरा भरोसा है।

# सवालों के सलीब पर खडा हो गया बम विस्फोट में चार छात्रों की मौत का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चार मासूम छात्रों की बम विस्फोट से मौत के बाद पूरा मामला सवालों के सलीब पर खडा हो गया है। आज छात्रों की मौत से गुस्साये जिला बार एसोसिएशन का आक्रोश डीएम अभिषेक आनन्द पर फूट पडा। सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा नेता अनुज सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती समेत तमाम लोगों ने सवाल खडे किये।

गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार करवरिया व सचिव मनोज कुमार कंचनी की अगुवाई में वकील समुदाय ने बुन्देलखण्ड महोत्सव में चार लोगों की मौत मामले में घटना की जिम्मेदारी जिलाधिकारी पर थोपी है। वकीलों ने डीएम आवास गेट के बाहर जमकर नारेबाजी की। गेट के बाहर वकीलो ने कहा कि डीएम अभिषेक आनन्द हत्यारा है- के नारे लगाये। डीएम की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी। शहर के पटेल तिराहा में वकीलों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय आदि के समझाने-बुझाने पर वकीलों ने जाम हटाया। उन्हें सौंपे ज्ञापन में वकीलों ने कहा कि चित्रकूट इंटर कालेज में हो रहे बुन्देलखण्ड महोत्सव में चार मासूमों की जांच को जुडीशियली कमेटी से कराई जाये। पीडित परिवार को पचास लाख मुआवजा दिया जाये। जिलाधिकारी को निलम्बित किया जाये। मांगें न मानने पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का ऐलान किया है।



### पूर्व सांसद तीखे तेवरों में प्रशासन पर भडके

भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने तीखे तेवरों में प्रशासन पर भडके। कहा कि जिम्मेदार अफसर के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। बुन्देलखण्ड महोत्सव में फिल्मी गानों का क्या औचित्य है। विस्फोटक पदार्थों के भी औचित्य पर सवाल उठाये।

कहा कि बुन्देलखण्ड की विरासत व संस्कृति दिखानी चाहिए, न कि फिल्मी गानों का प्रदर्शन। महोत्सव के नाम पर शासकीय धन का दुरुपयोग हुआ है। पर्यटन के नाम पर भी करोडों रुपये का घोटाला हुआ है। जिम्मेदार के खिलाफ रिपोर्ट होनी चाहिए।

### विधायक अनिल-सपा नेता अनुज ने भी घेरा

सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की घोर लापरवाही है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों से भेंटकर गहरी संवेदना जताई। कहा कि पोस्टमार्टम से पहले दोषी अधिकारियों पर कडी कार्यवाही हो और मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की मदद दी जाये। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने भी महोत्सव में ब्लास्ट से चार मासूमों की जानें जाने पर सवाल उठाया कि कौन जिम्मेदार है? आरोपियों पर तत्काल कार्यवाही कर हत्यारों को गिरफ्तार किया जाये। पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

### ये हैं मृतक छात्र

मृतकों में कर्वी के मिशन चौराहा के प्रभात (12) पुत्र धर्मेन्द्र सिंह कक्षा छह, कवीर्माफी के विद्यानगर के यश (11) पुत्र विश्वप्रताप कक्षा छह, पारस (10) पुत्र कंशराज शर्मा व मोहित (14) पुत्र मुकेश कक्षा आठ शामिल हैं। ये चारों छात्र साइकिल से महोत्सव स्थल गये थे। चारों छात्र हादसे के शिकार हो गये। मृतक छात्रों के परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# नकारा नेतृत्व ने ले ली चार मासूमों की जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव स्थल पर बैरीकेटिंग की गई थी, किन्तु सुरक्षा कर्मी नहीं थे। कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम स्थल में अन्दर तक बेरोक-टोक जाता देखा गया। कोई पूंछताछ करने वाला नहीं था। बुन्देलखण्ड महोत्सव की प्रिंटेड जर्सी पहने दो दर्जन लोग खडे थे, जो बाहरी थे- केवल दिखावे को खडे थे। पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव बुधवार को सवेरे से घटना के समय तक नहीं थे। घटना बाद मौके पर पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस भी नहीं थी। कार्य स्थल पर कालेज प्रशासन के साथ कोई बैठक नहीं हुई। बुधवार को सवेरे से कार्यक्रम की श्रंखला शुरू हो जाती थी, कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं रहते थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दौरान मंगलवार को दर्शकों ने जमकर हूटिंग की थी। ये सब नकारा नेतृत्व के चलते हो रहा था, जिसके चलते चार मासूम बेगुनाहों की जान चली गई। प्रशासन अभी भी शासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी में यदि कुशल प्रशासनिक क्षमता होती तो तत्काल पर्यटन अधिकारी को जेल भेज देते? सूचना विभाग का वह कौन है, जिसने कुछ पत्रकारों को फोन कर खबर को हल्की करने को कहा है, वह भी घटना में उतना ही दोषी है, जितना आयोजक। जब बिना अनुमति के सीआईसी में कार्यक्रम हो रहा था तो बडे हादसे के बाद कालेज के जिम्मेदार लोगों को कार्यवाही को कोतवाली में तहरीर देना चाहिए, या सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहना चाहिए?

### छात्रों की मौत से मऊ में भी आक्रोश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद द्विवेदी व महामंत्री उदितनारायण मिश्र ने सिविल जज जूनियर डिवीजन को सौंपे पत्र में कहा कि बुधवार को चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में प्रशासन की लापरवाही से आतिशबाजी विस्फोट में चार छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई है। पूरे जिले में आक्रोश है। अधिवक्ता संघ ने निन्दा करते हुए गुरुवार को सम्पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रशासन ने दिखाया ठेंगा, बेरियम युक्त बम का हुआ प्रयोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सुप्रीम कोर्ट के पटाखों पर प्रतिबन्ध लगाने के बाद भी कैसे आतिशबाजी का प्रशासन ने निर्णय लिया? तेज आवाज करने वाले बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबन्ध लगाने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया है। कहा है कि ये आदेश देश के प्रत्येक राज्य में लागू होता है। जश्न के लिए पटाखों को जलाने को आतिशबाजी कहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को जलाने पर बंदिशें लगाई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबन्ध का आदेश हर राज्य में लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना व न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश की पीठ ने कहा कि पटाखों के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। विडम्बना है कि बच्चे ज्यादा पटाखे नहीं फोडते, बुजुर्ग उत्साहित करते हैं। ये गलत धारणा जब प्रदूषण व पर्यावरण संरक्षण की बात आती है तो केवल अदालत का कर्तव्य है कि लोगों को वायु-ध्वनि प्रदूषण प्रबन्ध करना सबका काम है। सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनीष सिंघवी ने कहा कि राज्य ने जवाब दाखिल कर दिया है। राज्य अदालती आदेश का पालन करेगी। क्रियान्वयन समाज की सामूहिक चेतना पर निर्भर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कम उत्सर्जन वाले हरित पटाखे छोडकर सभी बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबन्ध लगाया है। आतिशबाजी में बेरियम लवण के उपयोग पर रोक लगा दी है। कहा कि बेरियम युक्त पटाखों की गूंज ज्यादा होती है, गूंज स्तर सीमा के भीतर होनी चाहिए। 29 अक्टूबर 2021 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण व बिक्री पर प्रतिबन्ध है। बेरियम लवण के उपयोग पर भी रोक लगा दी है। पटाखों में आमतौर पर चार चीजें मिलाई जाती हैं। जिनमें आक्सीडाइजर, ईंधन, रंग भरने वाले तत्व और बाइंडर शामिल हैं। पटाखे में आग पकडाने को आक्सीडाइजर की जरूरत होती है, इंधन आग को बनाये रखता है, रंग इसे चमक देते हैं, जबकि बाइंडर इस मिश्रण को तब तक बनाये रखता है, जब तक पटाखा खत्म न हो जाये। बेरियम जैसे रसायन रंग भरने वाले एजेंट हैं। मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं, ऐसे पटाखों पर प्रतिबन्ध है।

बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में जिस ढंग से आतिशबाजी के नाम पर बम फटा है, उसकी गूंज कई किमी तक सुनी गई है। लोगों के घरों की इमारत की चूलें तक हिल गई हैं। क्या सुप्रीम कोर्ट ने यही कहा है कि जिला प्रशासन ऐसे बेरियम युक्त पटाखों का प्रयोग करे?

# छात्रों की मौत मामले में जांच शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में बुधवार को हुए विस्फोट में चार छात्रों की मौत मामले में गठित समिति के अध्यक्ष अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने गुरूवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम के दर्जनभर सदस्यों ने भी घटना स्थल से साक्ष्य संकलित किए।

गुरुवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की जांच को एडीजी भानु भास्कर की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की। एडीजीपी रात में ही चित्रकूट आ गए थे। गुरूवार को मंडलायुक्त वीके त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आगरा व प्रयागराज से फॉरेंसिक टीम आयी है। विशेषज्ञ जांच का रहे हैं। विस्फोट की प्रकृति, रसायन व विस्फोट के तरीके बाबत सभी पहलुओं में जांच हो रही है। जल्द रिपोर्ट तैयार कर निष्कर्ष तक पहुंचा जाएगा। विवेचना व शेष कार्यवाही भी तेज गति से हो रही है, ताकि दोषियों को कडी सजा मिल सके।



बम विस्फोट की जांच करती टीम।

### सीएम ने आरोपियों पर कार्यवाही को चेताया

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव दौरान हादसे में चार बच्चों की मौत मामले को सीएम योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। एडीजी को निर्देश दिये कि मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जाये। कोतवाली कर्वी में आतिशबाजी कंपनी संचालक/व्यवस्थापक समेत 15 के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आतिशबाजी स्थल पर हादसे में चार की मौत हुई है। इस बाबत आतिशबाजी कराने वाली इंदौर की डोंप कंपनी संचालक/व्यवस्थापक मुंबई के हर्ष कामदार व इंदौर के पंकज जाट समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट हुई है। इनके खिलाफ धारा 286, 336, 338, 304 आईपीसी/विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कंपनी के छह लोगों से पूंछताछ जारी है।

# दिनेश की कवितायें कुरीतियों पर करती हैं प्रहार

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** ख्याति लब्ध युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी के आकाशवाणी छतरपुर से गुरुवार को काव्यपाठ का प्रसारण हुआ। रेडियो के श्रोताओं ने खूब पसंद किया।

गुरुवार को दिनेश दीक्षित संघर्षी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनके काव्यपाठ देश के हर प्रान्त में होते रहते हैं। काव्यकला की चर्चा करें तो दिनेश प्रख्यात गीतकार के बतौर जाने जाते हैं। इनकी कविताओं में सभी रंगों हास्य, व्यंग्य, श्रंगार समेत ओज का अक्स झलकता है। मंच पर आजकल गीत मुक्तक ज्यादा पढ़ रहे हैं। शीर्ष कवियों में गिनती होती है। देश के कोने-कोने में मंच पर काव्यपाठ कर जिले का नाम रोशन करने वाले दिनेश दीक्षित जैसे कवियों पर गर्व होता है। ऐसे कवियों की रचनात्मक कवितायें समाज को नई दिशा देती हैं, कुरीतियों पर करारा प्रहार करने से गुरेज नहीं करती।



कवि दिनेश दीक्षित।

### एड विनय पाल ने लगाई सवालों की झडी

**चित्रकूट।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने सवाल उठाये हैं कि सत्ताधारी फोटो छाप नेता क्यों शांत है। विपक्ष के जिला कप्तान क्यों शांत है? धरती पलटने की क्षमता रखने वाले समाजसेवी क्यों शांत है। एनजीओ के नाम पर पैसा कमाने वाले क्यों शांत है। लाशों की राजनीति करने वाले महापुरुष क्यों शांत है। दिवाली में पटाखों पर प्रतिबन्ध है तो महोत्सव में क्यों आतिशबाजी को मंगाये गये। सुरक्षा में चूक होने पर किसी ने जिम्मेदारी क्यों नहीं ली। मसूमों की जान की जिम्मेदारी कौन लेगा? आंदोलनकारी बुंदेलखंड के विधायकों का भी कोई पता नहीं। भ्रष्टाचार की भेट चढ़ा महोत्सव पर पैनी निगाह न रखने वाले जिला प्रशासन पर कार्यवाही होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को मुआवजा के नाम पर एक करोड़ रुपए मिलने चाहिए। घायलों को 10-10 लाख रुपए देने की घोषणा करनी चाहिए। चैथे स्तम्भ को जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अधिवक्ता समाज पीड़ित परिवार के साथ है, हर सम्भव मदद की जायेगी। न्याय न मिला तो जनहित याचिका की जायेगी।

### सुलग रही आग धधकने में नहीं लगेगा समयः अजीत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हुए हादसे में चार मासूम बच्चों की मौत पर बुंदेली सेना ने गहरी संवेदना जताई है। जिले भर में घटना को लेकर आक्रोश पनप रहा है। मुख्यमंत्री से दोषियों पर कार्यवाही व मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजा देने की मांग की है। गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि चारों मासूम आंखों के तारे थे। प्रशासनिक लापरवाही से बच्चों की असमायिक मौत हुई है। हृदय विदारक घटना बाबत जिसने सुना, आंखे नम हो गईं। लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। दोषियों पर कार्यवाही न हुई तो सुलग रही आग को धधकने में समय नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोषियों पर कार्यवाही व परिजनों को 25-25 लाख मुआवजा देने की मांग की है।

# नौनिहालों की मौत के दोषी पर हो तत्काल कार्रवाईः अनिल प्रधान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सीआईसी में बुन्देलखण्ड महोत्सव में हुई चार नौनिहाल छात्रों की मौत के दोषी अधिकारियों व आयोजकों के खिलाफ रिपोर्ट व निलम्बन तथा परिजनों को 25-25 लाख रुपये देने की मांग उठाई है।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने डीएम-एसपी व एडीजीपी प्रयागराज को सौंपे पत्र में कहा कि महोत्सव में चार छात्रों की मौत बेहद दुखद है। आयोजकों व जिला प्रशासन के जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई है। पूरे जिले में घटना से रोष है। सवाल है कि आयोजन में विस्फोटक सामग्री का प्रयोग करने को जिला प्रशासन से अनुमति किसने ली थी? जिला प्रशासन को जानकारी थी विस्फोटक सामग्री के प्रयोग की, तो बचाव के उपाय क्यों नहीं किये गये। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन तो करा दिया, किन्तु हादसे से बचने के कोई उपाय क्यों नहीं किये गये? कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करने से ये घटना हुई है। घटना क्रम के जांच के आदेश सरकार ने दिये हैं। ये तय करें कि जांच महज जांच न रह जाये, बल्कि दोषियों व जिम्मेदारों पर कार्यवाही हो। जांच के नाम पर झुनझुना क्यों थमाया जा रहा है। बडे हादसे के बाद अभी तक आयोजकों व जिला प्रशासन पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही? घटना के जांच के आदेश कितने समय में क्या करना है, ये क्यों नहीं तय किया? ये मांग विधायक ने परिजनों के समक्ष की है। विधायक ने कहा कि 24 घंटे के अन्दर या आज शाम तक घटना पर धरातल में कार्यवाही न हुई तो वे हर लडाई लडेंगे। डीएम-एसपी व उपमहानिदेशक पुलिस प्रयागराज से कहा कि परिजनों को 25-25 लाख रुपये की मदद दी जाये। जिलाधिकारी अपने स्तर व पर्यटन विभाग से भी मदद दिलायें।



अधिकारियों से बात करते सदर विधायक।

### रैपुरवामाफी में विकास कार्यों में धांधली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के रैपुरवा माफी में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। गुरुवार को सरकार धन के बंदरबांट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मनरेगा से कराये कार्यों में धांधली की गई है। ग्राम निधि से कराये कार्यों में भी धांधली है। इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण, नाली निर्माण व विद्यालयों के कायाकल्प में मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। मेडबंदी व समतलीकरण में फर्जीवाडा हुआ है। प्राथमिक विद्यालय हरिजन पुरवा में कायाकल्प से कराये कार्यों में धांधली हुई है। सोकपिट गड्ढा निर्माण में लापरवाही बरती है। सोकपिट गड्ढे में ढक्कन नहीं लगवाये। इससे अनहोनी हो सकती है।

# भाकियू ने ठहराया मासूमों की मौत का दोषी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू ने सदर तहसील कर्वी-मऊ में किसानों की पंचायत सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की अगुवाई में हुई। बम ब्लास्ट में चार बच्चों की मौत पर शोक बैठक में प्रशासन की लापरवाही से मासूमों की जान गई। दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

गुरुवार को सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने लोढ़वारा फीडर विद्युत विभाग के जेई रणजीत पर आरोप लगाया कि किसानों पर जबरन एफआईआर का खौफ दिखाकर लाखों रुपये लेते हैं। कसहाई जेई अमित यादव नवनिर्मित घरों-बस्तियों व नए कनेक्शन की फाइलों पर वसूली कर कनेक्शन देते हैं। इन कर्मचारियों की जांच कर कार्यवाही की जाये। रबी फसल की खरीद दलहन व तिलहन की दुकानें जिले के सभी ब्लॉकों में खोली जायें। बोर्ड परीक्षा को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शाम से ही विद्युत दी जाये। मऊ तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने कहा कि कलचिहा गांव के दर्जनों किसानों ने तहसील में प्रदर्शन कर कहा कि जबरन भूमि अधिग्रहीत की जा रही है। किसान भूमि देने को तैयार नही। भूमि अधिग्रहण को लेकर कलचिहा के किसान की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। किसानों ने एसडीएम मऊ से गुहार लगाई कि ओलावृष्टि से क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिलायें। तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय संगठन के आवाहन पर 16 फरवरी को किसान ग्रामीण भारत बंद करेगा। किसान खेतों पर काम नही करेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, राजकुमार सिंह, रामशरण राजपूत, श्रीकेशन राजपूत, रामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देते भाकियू।

### खतरनाक विस्फोटक कैसे पहुंचा सीआईसी?

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में विस्फोट से चार मासूमों की मौत मामले में घोर लापरवाही उजागर हुई है। आखिर आतिशबाजी सीआईसी परिसर में कैसे पहुंची? चारों मासूम खतरनाक स्थल तक कैसे गये। आतिशबाजी को लगाये विस्फोटक परिसर में थे तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं थे। चार मासूमों की जिंदगी के जिम्मेदार कौन? गुरुवार को तमाम सवाल खडे हुए। खतरनाक विस्फोटक पदार्थ बाबत प्रशासन क्यों ध्यान नहीं दिया। इतना खतरनाक विस्फोटक लगाने से पहले क्षमता क्यों नहीं जांची। स्कूल के अंदर खतरनाक विस्फोटक लगाने की अनुमति किसने दी। लापरवाह आयोजकों पर कब कार्यवाही होगी। प्रशासन व आयोजक की लापरवाही पर पीड़ित खड़े कर रहे सवाल। एडीजी भानु भास्कर की अगुवाई में टीम कर रही जांच।

# पूर्व सांसद ने सीएम को लिखा पत्रः सभी बम फटते तो होता बडा हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में पर्यटन विभाग बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव जिला प्रशासन के सहयोग से करा रहा था। आतिशबाजी बाहर से मंगाई गई थी। बस्ती के बीच बने कालेज में आतिशबाजी का कोई औचित्य नहीं था। गुरुवार को पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि सीआईसी में बम विस्फोट से चार मासूम बच्चों की मृत्यु हो गई है। भीषण धमाके से बच्चे उछलकर बीस फुट ऊंची छत तक पहुंच गये थे। जमीन पर चार फुट गहरे गड्ढे हो गये हैं। इस तरह के भीषण बम लगाये गये थे। सभी बम फट जाते तो पता नहीं कितनी जानें चली जातीं। महोत्सव में जो थीम बनाई गई थी, उसमें बुन्देली संस्कृति की नाम मात्र झलक थी। आतिशबाजी योजना बनाने वालों व खतरनाक आतिशबाजी के जिम्मेदार पर्यटन अधिकारी व प्रशासन के जिम्मेदार के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाये, ताकि घटना की प्रदेश स्तरीय जांच कर पीडितों को ज्यादा से ज्यादा सहायता राशि दी जाये।

### एक वारंटी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने एनआई एक्ट के वारंटी सुभाष सिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी खण्डेहा को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी खण्डेहा विनय विक्रम सिंह व सिपाही संदीप यादव शामिल रहे।

# अब नेपाल में भी कर सकेंगे यूपीआई से भुगतान, डिजिटल पेमेंट को लेकर हुआ समझौता



**काठमांडू।** भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंक के बीच डिजिटल पेमेंट सिस्टम को लागू करने को लेकर गुरुवार को एक समझौता हुआ। मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) को लिंक किया जाएगा। इससे नेपाल में यूपीआई और भारत में एनपीआई से भुगतान किया जा सकेगा।

नेपाल राष्ट्र बैंक ने एक बयान में कहा है कि इस समझौते के तहत डिजिटल पेमेंट सिस्टम के लिए एक संयुक्त नियामक तंत्र की स्थापना की जाएगी। मुंबई में आज दोनों देशों के गवर्नरों के बीच हुए समझौते के बाद इसे आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक दिन के रूप में बताया गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने कहा है कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों के साथ आर्थिक संबंधों को भी एक नई ऊंचाई मिलेगी।

लंबे समय से नेपाल और भारत के बीच एक दूसरे के देश में डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाने को लेकर प्रयास किया जा रहा था। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की पिछली भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल पेमेंट सिस्टम को लेकर एक समझौता किया गया था। उसी के तहत आज दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर के बीच आज मुंबई में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

# अमेरिका के कैनसस सिटी में फायरिंग, एक की मौत, 21 घायल




**कैनसस सिटी,।** संयुक्त राज्य अमेरिका में मिसौरी के कैनसस सिटी में बुधवार को सुपर बाउल जीत का जश्न मातम में बदल गया। जीत के जश्न में निकाली गई रैली के दौरान की गई अचानक की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों में नौ बच्चे भी शामिल हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना कैनसस सिटी के यूनियन स्टेशन के पास हुई। पल भर में सुपर बाउल जीत का जश्न अराजकता के दृश्य में बदल गया। कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन तीनों में से दो के पास हथियार मिले हैं। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि गोली क्यों चलाई गई।

चिल्ड्रेन्स मर्सी हॉस्पिटल ने कहा कि उनके यहां 12 लोगों का इलाज किया जा रहा है। इनमें 11 बच्चे हैं। बच्चों की उम्र 6 से 15 वर्ष है। अस्पताल की प्रवक्ता स्टेफनी मेयर ने कहा कि नौ बच्चों को गोली लगी है। किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है। कुछ घायलों को यूनिवर्सिटी हेल्थ और ट्रूमैन मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया। इनमें दो लोगों की हालत नाजुक है।

पुलिस का कहना है कि रैली में कैनसस सिटी और मिसौरी के गवर्नर सहित अधिकारी शामिल थे। कैनसस की गवर्नर लौरा केली को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मिसौरी के गवर्नर माइक पार्सन और उनकी पत्नी दोनों सुरक्षित हैं। कैनसस सिटी के खिलाड़ियों ने घटना पर दुख जताया है। रविवार को अपनी टीम को जीत दिलाने वाले क्वार्टरबैक पैट्रिक महोम्स ने कहा कि वह "कैनसस सिटी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।"

# राष्ट्रपति पुतिन का दावा, रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के करीब पहुंचा



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दावा किया कि रूसी वैज्ञानिक कैंसर की वैक्सीन बनाने के करीब पहुंच चुके हैं। पुतिन ने दावा किया कि वैज्ञानिक जल्द ही इसे मरीजों के लिए उपलब्ध कराएंगे। पुतिन ने कहा कि हम कैंसर वैक्सीन और नई पीढ़ी की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने वाली दवाओं के निर्माण के बहुत करीब आ गए हैं। पुतिन ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनका प्रभावी ढंग से चिकित्सा के रूप में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने मास्को में भविष्य की तकनीकों पर आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं। पुतिन ने यह नहीं बताया कि प्रस्तावित टीके किस प्रकार के कैंसर को लक्षित करेंगे और न ही उन्होंने बताया कि यह कैसे काम करेगा। कई देश और कंपनियां कैंसर के टीकों पर काम कर रही हैं।

पिछले साल ब्रिटिश सरकार ने जर्मनी स्थित बायोएनटेक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो कैंसर उपचार प्रदान करने के लिए परीक्षण शुरू करेगा। जिसका लक्ष्य 2030 तक 10,000 रोगियों तक पहुंचना है। फार्मास्युटिकल कंपनियां माडर्ना और मर्क एंड कंपनी एक प्रयोगात्मक कैंसर वैक्सीन विकसित कर रही हैं, जो एक मध्य चरण अध्ययन में तीन साल के उपचार के बाद मेलेनोमा (सबसे घातक त्वचा कैंसर) से मृत्यु की संभावना को आधा कर देती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्तमान में छह लाइसेंस प्राप्त टीके हैं जो कई तरह के कैंसरों का कारण बनने वाले मानव पेपिलोमाविरस (एचपीवी) के उपचार के लिए हैं, जिनमें सर्वाइकल कैंसर भी शामिल है। साथ ही हेपेटाइटिस बी (एचबीएस) के खिलाफ टीके भी हैं, जो लीवर कैंसर का कारण बनता है।

## भारत और यूएई के बीच ऊर्जा, आधारभूत ढांचा, निवेश व प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने को 10 समझौते

**अबूधाबी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दौरे के बीच भारत और यूएई के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के दस समझौते किए हैं। इन समझौतों में क्षेत्रों में ऊर्जा, आधारभूत ढांचा, निवेश और प्रबंधन के क्षेत्र हैं। इन समझौतों से दोनों देशों के संबंधों में और ज्यादा प्रगाढ़ता आई है। समझौतों की जानकारी देते हुए यह बातें भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कही है।

अबू धाबी में प्रेस कान्फ्रेंस में क्वात्रा ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय कारोबार 85 अरब डालर के करीब पहुंच चुका है। इतना ही नहीं यूएई भारत में सबसे ज्यादा निवेश करना वाला चौथा देश है। हमारे संबंधों का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद ने मंगलवार को हवाई अड्डे पर आकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया था।

# शाहबाज शरीफ बन सकते हैं पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री, कैबिनेट में 25 मंत्री शामिल करने पर मंथन

**इस्लमाबाद।** पाकिस्तान में चुनाव के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बजाय 72 वर्षीय शहबाज को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को संसद में अधिक सीट मिलने के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्ता में नहीं आ पाएगी। देश में आठ फरवरी को हुए चुनाव में खंडित जनादेश आया था और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे।

इससे पहले, शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी के साथ मंगलवार रात पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जताई।

शरीफ ने बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं का आभार जताते हुए कहा, आज हम देश को यह बताने के लिए एकजुट हुए हैं कि हमने खंडित जनादेश स्वीकार कर लिया है। मैं जरदारी और बिलावल (भुट्टो) का आभारी हूं कि उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का समर्थन करने का फैसला किया है। पीएमएल-एन की सूचना सचिव मरयम औरंगजेब ने कहा कि पार्टी प्रमुख नवाज शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी अध्यक्ष और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ (72) को नामित किया है। उन्होंने बताया कि पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और नवाज शरीफ की राजनीतिक उत्तराधिकारी मानी जाने वाली मरयम नवाज को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। पार्टी की सूचना सचिव ने कहा, नवाज शरीफ ने उन राजनीतिक दलों का आभार जताया है जिन्होंने आगामी सरकार बनाने में पीएमएल-एन का समर्थन किया है और उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे फैसलों से पाकिस्तान संकट से बाहर आ जाएगा।

ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने कहा कि पीएमएल-एन के लिए सबसे अच्छा विकल्प ह्यह्यअपनी हार को शीलनता से स्वीकार करनाह्लह्ल और उनकी पार्टी के संस्थापक इमरान खान को देश को संकट से उबारने देना है।

प्रधानमंत्री पद के अलावा, पाकिस्तान में अब संघीय मंत्रिमंडल के लिए नामों की चर्चा शुरू हो गई है। उम्मीद है कि शुरूआती चरण में कैबिनेट में 25 मंत्री बनाए जा सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सूत्रों की मानें तो बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ ने बैठक की। इस दौरान कई नामों पर चर्चा हुई। उम्मीद है कि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को तीन से पांच मंत्रालय मिल सकते हैं, जिसमें खालिद मकबूल सिद्दीकी, फारूक सत्तार, मुस्तफा कमाल, अमीनुल हक, ख्वाजा इजहारुल हसन सहित अन्य नेताओं के बारे में विचार किया जा रहा है।

इसके अलावा, पीएमएल-एन ने अपने कोटे के 15 नेताओं के नामों पर चर्चा की। इनमें इशाक डार, अयाज सादिक, ख्वाजा आसिफ, अहसान इकबाल, मरियम औरंगजेब, अताउल्लाह तरार, शाजा फातिमा ख्वाजा, रियाजुल हक जुज, बिलाल अजहर कयानी, डॉ तारिक फजल चौधरी, कमरुल इस्लाम और राणा तनवीर हुसैन शामिल हैं। इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के अवन चौधरी प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में नियुक्त हो सकते हैं।

# खलीज टाइम्स का हिन्दू मंदिर के उद्घाटन पर नजरिया-'संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा'



**अबूधाबी।** संयुक्त अरब अमीरात में बड़ी प्रसार संख्या वाले अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र 'खलीज टाइम्स' ने आज (15 फरवरी, 2024/गुरुवार) के अपने अंक में अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन अवसर के समाचार को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रथम पेज की पहली सचित्र खबर का शीर्षक -'यूएई स्क्रिप्ट्स ए न्यू चैप्टर इन हिस्ट्री' (संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा) दिया है।

'खलीज टाइम्स' ने इस समाचार को अंदर के पन्ने पर भी तरजीह दी है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, मध्य पूर्व के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का उद्घाटन अबूधाबी में किया गया। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य महंत स्वामी महाराज और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फीता काटकर बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। यह समारोह हिन्दू वैदिक रीत रिवाज से संपन्न हुआ । वैदिक समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हुए।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 एकड़ भूमि पर बने इस प्रतिष्ठित मंदिर में पहुंचने पर बीएपीएस हिन्दू मंदिर के परियोजना प्रमुख पूज्य ब्रह्मविहारिदास स्वामी और पूज्य ईश्वरचरण स्वामी ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्मविहारिदास स्वामी को गर्मजोशी के साथ गले लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां बने थ्रीडी केंद्र का दौरा भी किया। यह केंद्र मंदिर के दर्शन और यात्रा के बारे में 12 मिनट का गहन अनुभव प्रदान करता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने मंदिर के वास्तुशिल्प की प्रशंसा की।

खलीज टाइम्स ने इस मंदिर के वास्तु पर लिखा है-यह वास्तुशिल्प उत्कृष्टता का उत्सव है और प्राचीन सभ्यताओं की समृद्धि को सामने लाता है। इस उत्कृष्ट कृति की झलक पाने के लिए भक्त सुबह से ही उमड़ने लगे। इस भव्य समारोह में हजारों भक्तों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस वजह से यह समारोह संयुक्त अरब अमीरात और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

# म्यांमार के 330 जवान आज बांग्लादेश से लौटेंगे स्वदेश



**ढाका।** बांग्लादेश में शरण लिए म्यांमार के 330 सीमा रक्षकों और सेना के जवानों को वापस भेजने की प्रक्रिया आज (गुरुवार) सुबह शुरू हो गई। इससे पहले दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों के बीच बैठक में इस मसले पर चर्चा हुई।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम के हवाले से यह जानकारी दी गई है। शरीफुल इस्लाम ने कहा कि बैठक में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी के नेतृत्व में म्यांमार के बॉर्डर गार्ड पुलिस के अधिकारियों ने बैठक की।

उन्होंने कहा कि म्यांमार के जवानों को सौंपने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नाइखोंगचारी में घुमदम और टेकनाफ में हनीला से म्यांमार के बॉर्डर गार्ड पुलिस के सदस्यों को इनानी में नौसेना जेटी घाट के पास एक क्षेत्र में लाया गया है। यह सदस्य चार से सात फरवरी के बीच बांग्लादेश आए थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।